RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 | अंक-166 | जयपुर, मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025 | मूल्य-4 रूपये

# हुसैनिया महल में पीएम मोदी का स्वागत, मोदी बोले- आतंकवाद के खिलाफ जॉर्डन की सोच भारत जैसी

### किंग अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय बैठक की

नई दिल्ली/अम्मान






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से हुसैनिया पैलेस (महल) में मुलाकात की है। हुसैनिया पैलेस पहुंचने पर पीएम का औपचारिक स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक भी की। मोदी ने बैठक में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी है। उन्होंने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए किंग अब्दुल्ला का आभार जताया। साथ ही उन्होंने उर्वरक और डिजिटल तकनीक में सहयोग बढ़ाने की बात कही। किंग अब्दुल्ला ने पीएम के दौरे के दौरान हुए समझौतों और MoU's पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे।

किंग अब्दुल्ला ने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच दशकों पुरानी दोस्ती, आपसी सम्मान और सार्थक सहयोग को दिखाती है।

### एनएसए अजित डोभाल भी बैठक में शामिल हुए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा के दौरान किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के साथ हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित डोभाल भी शामिल हुए। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### किंग अब्दुल्ला ने समझौतों पर खुशी जताई

किंग अब्दुल्ला ने पीएम के दौरे के दौरान हुए समझौतों और रूष'ह्य पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे।

किंग अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें कल होने वाले जॉर्डन-भारत बिजनेस फोरम से भी काफी उम्मीदें हैं। यह मंच दोनों देशों के कारोबारियों के बीच सीधा सहयोग, बिजनेस-टू-बिजनेस साझेदारी और अहम क्षेत्रों में संयुक्त निवेश की संभावनाओं पर चर्चा का मौका देगा। उन्होंने कहा कि यह फोरम ऐसे अहम समय पर हो रहा है, जब व्यापार बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने और दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाने की जरूरत है।

बैठक में किंग अब्दुल्ला ने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच दशकों पुरानी दोस्ती, आपसी सम्मान और सार्थक सहयोग को दिखाती है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी है। अपने-अपने लोगों की समृद्धि को आगे बढ़ाने की साझा सोच भी है।

---

संसद में पेश किया 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025'

# मनरेगा की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी'

नई दिल्ली





मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (MGNREGA) को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है।

बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) बिल, 2025' रखा गया है।

नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी।

इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा। इससे पहले 12 दिसंबर को खबर आई थी कि केंद्रीय कैबिनेट ने मनरेगा का नाम बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना रखा है।

### सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए निर्णय

बिल में लिखे हुए उद्देश्य के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में MGNREGA ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार दिया, लेकिन गांवों में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी है।

नए कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जो बिना कौशल वाला काम करने को तैयार हो, हर साल 125 दिन का वेतनयुक्त रोजगार मिलेगा। इसका मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांवों का समग्र विकास करना है।

### नाम बदलने का तर्क समझ नहीं आता

जब मनरेगा के नाम बदलने की जानकारी सामने आई थी, तब वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि उन्हें MGNREGA योजना का नाम बदलने के फैसले के पीछे का तर्क समझ नहीं आता। इससे फिजूल खर्च होता है।

'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' नारे को लेकर संसद में हंगामा

## नड्डा बोले- राहुल-सोनिया माफी मांगे, प्रियंका बोलीं- रैली में किसने कहा, हमें नहीं मालूम

नई दिल्ली



संसद के शीतकालीन सत्र के 11वां दिन, सोमवार को दोनों सदनों में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है।

नड्डा ने कहा- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल (CPP) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है कि 140 करोड़ भारतीयों और विश्व के सबसे प्रसिद्ध नेता को इस तरह के नारों का सामना करना पड़ रहा है।

पीएम के खिलाफ नारेबाजी और माफी की मांग लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई थी, लेकिन शोर-शराबे के कारण 10 मिनट भी चर्चा नहीं हो पाई और कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई।

राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे फिर शुरू हुई। हालांकि, लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे शुरू होते ही फिर हंगामा होने लगा, जिसके चलते कार्यवाही 2 बजे तक फिर से स्थगित कर दी गई।

### हमें नहीं मालूम कि किसने नारा लगाया

भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पलटवार किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है। भाजपा को खुद नहीं पता की किसने नारेबाजी की।

## डॉक्टर 11 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### बिल पास करने के लिए मांगे 14 लाख

### आयुष्मान भारत योजना बंद करने की दे रहा था धमकी

भीलवाड़ा



आयुष्मान भारत योजना के बिल पास करने की एवज में डॉक्टर ने प्राइवेट अस्पताल से 14 लाख रुपए की डिमांड कर दी। डॉक्टर ने दबाव बनाया कि रकम नहीं दी तो योजना बंद कर दी जाएगी।

इसके बाद अस्पताल के मैनेजर ने अजमेर ‹ष्क्र में शिकायत की। इसके सत्यापन के बाद ‹ष्क्र ने कार्रवाई करते हुए डॉक्टर को 11 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला भीलवाड़ा के भीमगंज थाना इलाके का है।

एसीबी के डीएसपी नरपत सिंह ने बताया- आयुष्मान भारत योजना में बिल पास करने के एवज में डॉ. पंकज छीपा ने एक प्राइवेट अस्पताल से 14 लाख रुपए मांगे थे। डॉ. पंकज ने अस्पताल के मैनेजर से संपर्क किया और उसे कहा कि आपने पोर्टल पर जो बिल डाले हैं, उनमें अनियमितताएं हैं।

डॉ. पंकज ने आगे कहा- मेरे साथी आयुष्मान भारत जांचकर्ता डॉ. कुलदीप जयपुर में बैठते हैं। अगर तुम हमें 14 लाख दोगे तो हम अनियमितताएं इग्नोर कर देंगे और बिल भी पास कर देंगे। बाद में डील 11 लाख रुपए में तय हुई।

रिश्वत के 11 लाख रुपए लेने सोमवार शाम को डॉ. पंकज छीपा (40) भीलवाड़ा आया था। ‹ष्क्र ने अस्पताल के मैनेजर राकेश को 9 लाख रुपए के नकली नोट और 2 लाख के असली नोट देकर तिलक नगर रोड पर भेजा। जहां डॉ. पंकज उसका इंतजार कर रहा था।

जैसे ही मैनेजर ने रिश्वत के रुपए डॉ. पंकज छीपा को दिए तो इशारा पाकर एसीबी की टीम ने डॉ. पंकज को गिरफ्तार कर लिया।

---

## अमित शाह और नड्डा ने की नितिन नबीन की ताजपोशी, हाथ पकड़कर कुर्सी पर बैठाया

### बीजेपी मुख्यालय में नए कार्यकारी अध्यक्ष पर फूल बरसाए गए, जय श्रीराम के नारे लगे

नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन की ताजपोशी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में की गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नितिन नबीन को पटका पहनाकर और गुलदस्ता देकर उनकी ताजपोशी की।

वहीं इसके बाद पार्टी कार्यालय में तमाम भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन को पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। बता दें कि नितिन नवीन का जन्म 23 मई 1980 हो हुआ था। नितिन को जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल है और भाजपा की उम्र भी इतनी ही है। नितिन नबीन के भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, 'उन्हें संगठनों और सरकार दोनों में अनुभव है, और वे बहुत ही सरल व्यक्ति हैं, लेकिन साथ ही अविश्वसनीय रूप से मेहनती भी हैं।' वहीं भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'नितिन नबीन को बधाई। वे एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं... उन्होंने अपने परिश्रम से जो मुकाम हासिल किया है, उसी वजह से पार्टी ने इस समर्पित कार्यकर्ता को सम्मानित किया है, और ऐसा सिर्फ भाजपा में ही संभव है।'

## मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप का टिकट दिया




नई दिल्ली

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी को आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट दी। सोमवार को मेसी का दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सम्मान किया गया।

इस मौके पर उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की गई। साथ ही शाह ने मेसी को 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप टीम के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया। मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया।

## 100 करोड़ की एमडी ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़

### महाराष्ट्र पुलिस ने मुख्य आरोपी को दबोचा

झुंझुनूं



महाराष्ट्र पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने राजस्थान के झुंझुनूं जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बनाने वाली अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। धनूरी थाना क्षेत्र के नांद का बास गांव में खेत के भीतर बने एक मुर्गी फार्म में संचालित इस फैक्टरी से करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स से जुड़े साक्ष्य सामने आए हैं। कार्रवाई में 10 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, भारी मात्रा में केमिकल और निर्माण उपकरण जब्त किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, फैक्टरी नांद का बास गांव में एक सुनसान खेत में बने मुर्गी फार्म के खाली कमरे में चलाई जा रही थी। बदबू और एकांत स्थान की जरूरत का हवाला देकर फार्म किराए पर लिया गया था। यहीं मुर्गियों के दाने रखने वाले कमरे में ड्रग्स निर्माण की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

यह कार्रवाई मीरा-भायंदर, वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस की एएनसी टीम ने की। पुलिस ने बताया कि 4 अक्तूबर को ठाणे जिले में एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ छह आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क की जांच आगे बढ़ी। पूछताछ में झुंझुनूं का लिंक सामने आया, जिसके बाद मुख्य आरोपी अनिल विजयपाल सिहाग की पहचान हुई।

महाराष्ट्र पुलिस ने 14 दिसंबर 2025 को अनिल विजयपाल सिहाग को सीकर से गिरफ्तार किया। इसके बाद नांद का बास स्थित मुर्गी फार्म पर छापा मारकर फैक्टरी का खुलासा किया गया। मौके से एमडी ड्रग्स के साथ केमिकल और उपकरण जब्त किए गए।

---

## जम्मू-कश्मीर- उधमपुर एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी शहीद

### एक आतंकी को भी गोली लगी

श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सोमवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया है। वहीं जैश-ए-मोहम्मद (JeM) के एक आतंकी को भी गोली लगी है। हालांकि उसकी मौत की सूचना नहीं है।

सुरक्षाबलों ने बताया कि उधमपुर में मजालता इलाके के सोआन गांव के पास शाम 6 बजे तीन आतंकियों के मौजूद होने की सूचना मिली। जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और CRPF ने सर्च ऑपरेशन चलाया।

सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया था। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। आतंकियों की एक गोली जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (SOG) के जवान अमजद पठान को लगी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

शुरुआती मुठभेड़ में एक आतंकवादी के भी घायल होने की आशंका है। ऑपरेशन रात के लिए रोक दिया गया है और मंगलवार को सुबह फिर शुरू किया जाएगा।

## आज जारी होगी एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट

### लाखों वोटर्स के नाम कट सकते हैं, 16 लाख को नोटिस जारी होंगे

जयपुर



राजस्थान में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट मंगलवार को जारी होगी। राज्य निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होगी। इसमें परमानेंट शिफ्ट होने वाले लाखों वोटर्स के नाम कट सकते हैं। शिफ्ट होने वालों के नामों को लेकर विपक्ष भी लगातार सवाल उठा रहा है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में वोटर्स के नाम होंगे। इसके अलावा जिन वोटर्स के नाम पिछली एसआईआर में नहीं थे या जो बीएलओ को दस्तावेज नहीं दे पाए। उनके नाम अलग से मेंशन होंगे। ऐसे करीब 16 लाख वोटर्स हैं, जिन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का लिंक दिया जाएगा। उस लिंक पर क्लिक करके आप अपना नाम देख सकेंगे।

एसआईआर के तहत 11 दिसंबर तक बीएलओ ने घर-घर जाकर फॉर्म बांटे थे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन का दावा है कि राजस्थान में 97% से ज्यादा वोटर्स को कोई दस्तावेज नहीं देने होंगे, क्योंकि इन वोटर्स की मैपिंग का काम पूरा हो चुका है। औसतन हर बूथ पर लगभग 30 वोटर्स ऐसे होंगे। जिन्हें दस्तावेज देने की आवश्यकता होगी। 5.48 करोड़ वोटर्स में से 16.46 लाख को दस्तावेज जमा करवाने हैं। केवल 3 प्रतिशत वोटर्स को ही दस्तावेज देने होंगे।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियां ली जाएगी। 16 दिसंबर से नोटिस जारी कर सुनवाई और वेरिफिकेशन कर दावों और आपत्तियों का फैसला किया जाएगा।

जिन 16 लाख से ज्यादा वोटर्स को दस्तावेज देने होंगे, उन्हें नोटिस मिलेंगे। एसआईआर की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट पब्लिकेशन में घर नहीं मिलने वालों की लिस्ट होगी। ड्राफ्ट पब्लिकेशन में जिनके नाम नहीं होंगे, उन्हें सुनवाई का मौका दिया जाएगा। वे इसके बाद अपना पक्ष रख सकते हैं। पिछली एसआईआर में नाम नहीं है तो ऐसे लोग माता-पिता का पिछली एसआईआर में नाम का प्रमाण और खुद का एक आईडेंटिटी प्रूफ देकर जवाब दे सकेंगे।

## भाजपा ने पीयूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी बनाया

### बैजयंत पांडा को असम की जिम्मेदारी, दोनों राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को तमिलनाडु और असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए। कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल को तमिलनाडु के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। वहीं, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। तमिलनाडु के लिए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। राज्य में फिलहाल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) और कांग्रेस की सरकार है।

वहीं असम में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शनाबेन जारदोश को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यहां भाजपा सत्ता में है और हिमंत बिस्वा सरमा मुख्यमंत्री हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस और सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम एक साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने 22 नवंबर को चुनाव के 4 महीने पहले सीट बंटवारे पर औपचारिक बातचीत के लिए 5 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया था।

## गाजियाबाद में नकली दवाओं की फैक्ट्री, पूरे नॉर्थ इंडिया में होती थी सप्लाई, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाओं के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद के लोनी इलाके में चल रही एक अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस फैक्ट्री में स्किन से जुड़ी बीमारियों की नकली दवाएं बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही थीं, जिनकी सप्लाई दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में की जा रही थी। इस अवैध कारोबार के जरिए आम लोगों की सेहत के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा था। पुलिस को काफी समय से दिल्ली और आसपास के इलाकों में नकली दवाओं की बिक्री की सूचनाएं मिल रही थीं। इन इनपुट्स के आधार पर क्राइम ब्रांच ने मामले की गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस की टीम लोनी में संचालित फैक्ट्री तक पहुंची और वहां छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने स्किन रोगों में इस्तेमाल होने वाली बड़ी मात्रा में नकली दवाएं, कच्चा माल, दवा बनाने की मशीनें, लेबल, खाली पैकिंग सामग्री और नामी कंपनियों जैसी दिखने वाली दवाओं के पैकेट बरामद किए। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में तैयार की जा रही नकली दवाओं को दिल्ली के सदर बाजार समेत कई बड़े दवा बाजारों में सप्लाई किया जाता था। इसके बाद पुलिस ने सदर बाजार में भी छापेमारी कर नकली दवाओं की एक बड़ी खेप जब्त की। जब्त किए गए माल की अनुमानित कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और इसके जरिए कई लोग मोटा मुनाफा कमा रहे थे। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी फैक्ट्री का मालिक बताया जा रहा है, जो नकली दवाओं का निर्माण करवा रहा था। दूसरा आरोपी इन दवाओं की सप्लाई और वितरण के नेटवर्क को संभालता था। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों, सप्लायरों और खरीदारों का पता लगाया जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार नकली दवाएं बेहद खतरनाक होती हैं, क्योंकि इनमें न तो सही मात्रा में दवा होती है और न ही गुणवत्ता का ध्यान रखा जाता है। इससे मरीजों की बीमारी ठीक होने के बजाय और गंभीर हो सकती है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## जीत का जश्न मातम में बदला : पटाखे फटने से कार्यकर्ता की मौत

मलप्पुरम (एजेंसी)। केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत का जश्न मलप्पुरम जिले में एक दर्दनाक हादसे में बदल गया। कोंडोटी इलाके में विजय उत्सव के दौरान पटाखों में हुए विस्फोट से एक यूडीएफ कार्यकर्ता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान इरशाद (40) के रूप में हुई है। वह कोंडोटी में अपने दोपहिया वाहन पर सवार होकर चुनावी जीत का जश्न मना रहा था और पटाखे फोड़ रहा था। इसी दौरान स्कूटर पर रखे भारी मात्रा में पटाखों पर अचानक चिंगारी गिर गई, जिससे जोरदार विस्फोट हो गया। कोंडोटी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट इतना तेज था कि स्कूटर में तुरंत आग लग गई। इरशाद गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## दानापुर में टेंट गोदाम में भीषण आग, बुलेट बाइक में धमाका : लाखों का सामान जलकर राख, 5 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

पटना (एजेंसी)। दानापुर इलाके में शनिवार देर रात एक टेंट गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का महौल बन गया। रूपसपुर थाना क्षेत्र के रुकनपुरा विजयनगर, लेन नंबर-6 स्थित महाराजा टेंट और इवेंट मैनेजमेंट के गोदाम में आग लगने के कारण गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोदाम के भीतर खड़ी एक बुलेट बाइक में अचानक आग लग गई। इसके कुछ ही क्षण बाद जोरदार धमाका हुआ, जिससे आग तेजी से फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के रिहायशी इलाकों में दहशत फैल गई। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए और इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। आग की सूचना स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग और रूपसपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर गोदाम में रखा टेंट-पंडाल से जुड़ा सारा सामान, महंगे सोफा सेट, क्रॉकरी और अन्य इवेंट सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग के फैलाव की आशंका को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी और सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

## पॉक्सो मामले में कोर्ट ने आरोपी को सुनाई 20 साल की कठोर सजा, जुर्माना भी लगाया

गोपेश्वर (एजेंसी)। जनपद चमोली के गोपीश्वर स्थित विशेष सत्र न्यायालय (पॉक्सो) ने एक बहुचर्चित मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू को दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतने का भी प्रावधान है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट में राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू एवं अन्य आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा विचाराधीन था। मामले की सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश, जिला चमोली (गोपीश्वर) की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और चिकित्सकीय प्रमाणों के आधार पर आरोपी राजेन्द्र सिंह को पॉक्सो के तहत दोषी पाया। वहीं, 302 एवं 201 के आरोपों में कोर्ट ने दोषमुक्त किया। बता दें 21 मई 2020 को उसकी पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों द्वारा गांव, जंगल, नदी किनारे एवं आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की गई, किंतु उसका कोई पता नहीं चला। 25 मई 2020 को गांव के समीप भड़कीयाधार जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ पीड़िता का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पीड़िता की उम्र घटना के समय 18 साल से कम थी। अभियोजन का यह भी आरोप था कि आरोपी राजेन्द्र ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई थी और बाद में उसे प्रताड़ित किया गया।

# हमें तय करना होगा घर की दीवारों पर विवेकानंद की तस्वीर हो या जैक्सन की: भागवत

**श्री विजय पुरम (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि हिंदुओ को एकजुट होकर देश को आगे ले जाना होगा। इसके लिए वैसा ही आचरण करना होगा। हम जहां रहते है वो हिंदू घर की तरह सजा होना चाहिए। हमें यह तय करना होगा कि घर की दीवारों पर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर हो या माइकल जैक्सन की। भागवत ने ये बातें अंडमान के श्रीविजय पुरम में स्थित नेताजी स्टेडियम में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिंदू एकता के लिए एकरूपता को जरूरी नहीं मानता। बाकी दुनिया इसके उलट सोचती है। अगर हिंदू जागेंगे तो दुनिया जागेगी। दुनिया मानती है कि भारत ही रास्ता दिखाएगा। समस्याओं पर समय बर्बाद करने के बजाय हमें समाधान खोजने चाहिए। किसी भी काम को पूरा करने के लिए शक्ति की जरुरत होती है और शक्ति केवल एकता से आती है। दुनिया सत्य को नहीं शक्ति को देखती है।



जिसके पास शक्ति है उसी की बात मानी जाती है। एक मजबूत समाज बनाने और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एकता जरुरी है। इसके साथ ही भागवत ने टकराव से बचने की भी सलाह दी।

भागवत ने भगवान कृष्ण और जंगल में रहने वाले एक राक्षस के बारे में महाभारत की एक कहानी सुनाते हुए कहा कि अर्जुन और सात्यकि ने राक्षस से लड़ने की कोशिश की, लेकिन हर वार से वह और बड़ा होता गया। कृष्ण ने हस्तक्षेप किया, टकराव से बचाया और बिना लड़ाई के उसे वश में करने के लिए समझदारी का इस्तेमाल किया। सबक यह है कि हर समस्या के लिए बल की जरुरत नहीं होती। समाधान स्थिति को समझने पर निर्भर करते हैं। हम परिवार के साथ घूमने जाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप पेरिस, सिंगापुर जाओ। दुनिया घूमने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन कभी-कभी श्री विजयपुरम भी जाओ, वहां सेल्यूलर जेल देखो। लोगों ने यहां जेल में अपनी जिंदगी बिताई है। वे झुके नहीं, वे टूटे नहीं। उन्होंने आजाद भारत देखा।

बता दें तीन दिन का अंडमान दौरा पूरा आरएसएस सरसंघचालक के रूप में भागवत का केंद्र शासित प्रदेश का यह पहला दौरा था। करीब दो दशक पहले, वह संगठन के सरकार्यवाह के रूप में द्वीप समूह का दौरा कर चुके थे। वह तीन दिन के लिए यहां पहुंचे थे। यह दौरा 11-13 दिसंबर तक का था।

## केरल की जनता के भरोसे से आगामी चुनावों के लिए नई ताकत और आत्मविश्वास मिला : प्रियंका

नई दिल्ली। केरल की वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने कहा है कि राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के परिणाम एक ऐसी सरकार के लिए लोगों की उम्मीदों को दर्शाते हैं जो उनके संघर्षों को समझे और ईमानदारी से उनका जवाब दे। साथ ही उन्होंने केरल की यूडीएफ सरकार पर भरोसा जताने के लिए राज्य की जनता को धन्यवाद दिया है। प्रियंका गांधी ने



फेसबुक पोस्ट में कहा कि केरल के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने, उनकी आवाज को ध्यान से सुनने और ईमानदार, संवेदनशील और जनहितैषी शासन के लिए हर दिन काम करने की उनकी पार्टी की प्रतिबद्धता ''स्पष्ट और हृदय से महसूस की जाने वाली'' थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे महज एक राजनीतिक परिणाम से कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसी सरकार के लिए जनता की उम्मीदों को दर्शाते हैं जो उनकी समस्याओं को समझती है और ईमानदारी से उनका समाधान करती है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका ने संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर भरोसा जताने के लिए केरल की जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके जनादेश से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मोर्चे को नई ताकत और आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को मेरी हार्दिक बधाई और प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता के प्रति मेरी गहरी कृतज्ञता, जिनके अथक समर्पण ने इस जीत को संभव बनाया।

## दिल्ली में खतरनाक वायु प्रदूषण यह सब अमीरों के चोचले हैं: बाबा रामदेव

**–घर के अंदर बैठिए अनुलोम-विमोम करिए, मास्क पहनने की दी सलाह**



**नई दिली (एजेंसी)।** दिल्ली एनसीआर में खतरनाक स्तर के प्रदूषण को लेकर योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि यह सब अमीरों के चोचले हैं। उन्होंने प्रदूषण से खुद को बचाने के व्यायाम भी बताए। एक टीवी चैनल से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा देखिए, जब देश विकास कर रहा है तो कुछ धूल तो उड़ेगी ही। उन्होंने कहा कि कभी-कभी दिल्ली गैस चैंबर बन जाती है। ऐसे में आप लोगों को अपने घरों में पर्दा डालकर रखना चाहिए। 15-20 दिन में एक बार उन्हें साफ कर लीजिए और मास्क पहनकर रखिए। उन्होंने कहा कि घर के अंदर बैठिए और अनुलोम-विमोम करिए, कपालभाति करिए। एयर प्यूरिफायर के बारे में सवाल करने पर उन्होंने कहा कि यह सब केवल अमीरों के चोचले हैं।

बता दें राजधानी दिल्ली में गंभीर श्रेणी के वायु प्रदूषण के बीच एक बार फिर ग्रैप-3 लागू कर दिया गया है। ऐसे में 50 फीसदी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के मोड से काम करने और स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर चलाने का आदेश दिया गया है। दिल्ली के प्रदूषण को देखते हुए कार्डियोलॉजिस्ट ने लोगों को कई सुझाव दिए थे। उनमें से एक एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल करना भी था। उन्होंने कहा था कि बाहर निकलने पर लोग एन-95 मास्क का इस्तेमाल करें। इसके अलावा घरों के अंदर इंडोर प्लांट्स लगाएं और एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल करें। इसके अलावा बच्चों और बुजुर्गों को घर में रखने की सलाह दी गई थी। 13 दिसंबर के परिपत्र के मुताबिक शिक्षा निदेशालय, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को अगले आदेश तक जहां भी संभव हो, ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार की कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया गया है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि शनिवार को इस साल की अब तक की सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई जो 11 नवंबर को दर्ज किए गए पिछले उच्चतम स्तर 428 को भी पार कर गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक 24 घंटे का एक्यूआई 431 रहा।

# महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण का दावा, 19 दिसंबर को सत्ता में होगा बदलाव, एक मराठी व्यक्ति बनेगा प्रधानमंत्री

**पुणे, (एजेंसी)।** देश की राजनीति में एक बड़े उलटफेर की संभावना व्यक्त करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने एक सनसनीखेज भविष्यवाणी की है। पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा करते हुए पत्रकारों से कहा कि, 19 दिसंबर को देश में अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक भूकंप आएगा। भारत का प्रधानमंत्री बदलेगा और वह प्रधानमंत्री एक मराठी व्यक्ति होगा। खास बात यह है कि उन्होंने यह भी इशारा किया है कि यह व्यक्ति भाजपा से हो सकता है। दरअसल पुणे से सटे पिंपरी-चिंचवड़ में जनगणमन किताब के विमोचन के बाद मीडिया से बात करते हुए पृथ्वीराज चव्हाण ने यह सनसनीखेज भविष्यवाणी की। उन्होंने अपने दावे के लिए इंटरनेशनल डेवलपमेंट का हवाला दिया है। चव्हाण ने कहा कि दुनिया भर में जो कुछ भी हो रहा है, उसका असर भारतीय राजनीति पर



भी पड़ेगा। इस मौके पर उन्होंने अमेरिका के एक अहम मामले का जिक्र किया। चव्हाण ने कहा कि वहां कई बड़े नेताओं के बंगलों में कैमरे लगाकर बड़े पैमाने पर स्टिंग ऑपरेशन किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस स्टिंग ऑपरेशन से कई असरदार लोगों के गंभीर मामले सामने आने की संभावना है, जिससे अमेरिका में बड़ा राजनीतिक और सामाजिक हंगामा हो सकता है। दावा किया गया है कि इस स्टिंग ऑपरेशन को करने वाला व्यक्ति एक इजरायली जासूस है। पृथ्वीराज चव्हाण के मुताबिक, अमेरिकी सरकार जल्द ही एक कानून बनाकर 19 दिसंबर को इस स्टिंग ऑपरेशन में पकड़े गए बड़े लोगों के नामों की घोषणा कर सकती है। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनके पास इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है कि इस सूची में किन लोगों के नाम होंगे। हालांकि, उन्होंने संभावना जताई कि इन घटनाक्रमों के नतीजे सिर्फ अमेरिका तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि भारत समेत कई देशों में इसके असर हो सकते हैं। बहरहाल पृथ्वीराज चव्हाण का यह दावा कि भारत में भी बड़े राजनीतिक बदलाव हो सकते हैं, और इस वजह से प्रधानमंत्री पद में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है, और अब सबका ध्यान 19 दिसंबर पर है।


## देशभर में अगले हफ्ते से कड़ाके की सर्दी, उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पडने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसंबर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है। 21 और 22 दिसंबर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी। इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। आज पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3एष्ट और गिर सकता है।

# हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध: सीएम सुक्खू

**शिमला(एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्कूली शिक्षा से जुड़ा एक अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्री-नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल परिसर में मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। सरकार का मानना है कि इस कदम से छात्रों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित होगा और अनुशासन में सुधार आएगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध केवल विद्यार्थियों पर लागू होगा। शिक्षकों को अपने मोबाइल फोन स्टाफ रूम में रखने या बैग में रखने की अनुमति दी जाएगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे संपर्क में रह सकें। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन के अत्याधिक उपयोग से बच्चों में एकाग्रता की कमी, अनुशासनहीनता और पढ़ाई से ध्यान



भटकने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिन्हें नियंत्रित करना जरूरी है। यह घोषणा मुख्यमंत्री ने समग्र शिक्षा निदेशालय में अत्याधुनिक सुविधाओं के उद्घाटन के अवसर पर की। इस दौरान उन्होंने विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके), शिक्षा गैलरी, कार्यक्रम प्रबंधन स्टूडियो, सम्मेलन क्षेत्र, नया सम्मेलन कक्ष और आधुनिक केंद्रीय ताप प्रणाली का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नई सुविधाएं शिक्षा विभाग के प्रशासनिक कामकाज को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाएंगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षा से जुड़े आंकड़ों का बेहतर विश्लेषण किया जा सकेगा, जिससे नीतिगत फैसले अधिक सटीक होंगे। वहीं, शिक्षा गैलरी और कार्यक्रम प्रबंधन स्टूडियो से शिक्षकों और अधिकारियों को प्रशिक्षण और संवाद के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने इसे हिमाचल प्रदेश में डिजिटल शिक्षा प्रशासन के एक नए युग की शुरुआत बताया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस दौरान कई निर्णायक सुधार लागू किए गए हैं, जिनका सकारात्मक असर अब दिखने लगा है। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता के आकलन के आधार पर हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति की है और अपनी रैंकिंग को 21वें स्थान से सुधार कर 5वें स्थान तक पहुंचाया है।

# झारखंड में बड़े तो बड़े, बच्चे भी साइबर अपराध में आजमा रहे हाथ

**–महाराष्ट्र में हुई 70 लाख की ठगी में नाबालिग निकला आरोपी, पुलिस कर रही तलाश**

**जामताड़ा (एजेंसी)।** साइबर अपराध के लिए झारखंड का जामताड़ा जिला पूरे देश में बदनाम है। यहां बड़े तो बड़े, बच्चे भी साइबर अपराध में हाथ आजमा रहे हैं। महाराष्ट्र के अमरावती जिले की पुलिस शनिवार को 70,06,047 रुपए की ठगी के मामले में जामताड़ा पहुंची। पुलिस साइबर ठग को पकड़ने में सफल नहीं हो सकी, क्योंकि लाखों की ठगी की वारदात को अंजाम देने वाला 16 साल का किशोर था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया की तैयारी कर वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि इस नाबालिग ठग ने महाराष्ट्र के अमरावती जिले के कई लोगों



से ठगी की है और ठगी की रकम 900 से ज्यादा खातों में ट्रांसफर की गई है। इनमें कई बैंक खाते ऐसे हैं, जिनसे ऑनलाइन खरीदारी के लिए पैसों का लेनदेन किया गया है। आरोपित किशोर जामताड़ा शहरी क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह किशोर साइबर ठगी में शामिल एक गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लोगों को शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी का शिकार बना रहा था। इस गिरोह में कई अन्य शातिर अपराधी भी शामिल हैं और इन्हीं इनपुट के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस जामताड़ा में जांच में जुटी है।

वहीं, दूसरी ओर एक अन्य मामले में जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक ठग को दबोचा है। आरोपित कृष्णकुंज का निवासी बासुदेव दास है। वह मूल रूप से सुगापहाड़ी का रहने वाला है। उसके पास से छापेमारी में पुलिस ने दस मोबाइल, आठ सिम कार्ड, 15 एटीएम कार्ड, दस चेकबुक, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड और एक वोटर कार्ड जब्त की है। आरोप है कि आरोपी लोगों को एक्सिस बैंक एवं अन्य बैंकों के केवाईसी अपडेट और नवीनीकरण के नाम पर उनके मोबाइल में स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड करवाता था और इसके जरिए गोपनीय जानकारी हासिल कर उन्हें ठगी का शिकार बनाता था। शातिर के निशाने पर इन दिनों झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के लोग थे।

# कांग्रेस विधायक का दावा: कहा- फलां-फलां तारीख को डीके लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर सरगर्मी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान पहले दिल्ली में शांत कराई गई थी, लेकिन अब फिर से सियासी पारा चढ़ता दिख रहा है। हाल ही में एक कांग्रेस विधायक एच ए इकबाल हुसैन ने भविष्यवाणी की है, कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 6 या 9 जनवरी को मुख्यमंत्री बन जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तारीख के आसपास सिद्धारमैया दिवंगत नेता डी देवराज उर्स का रिकॉर्ड तोड़कर कर्नाटक के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेता बन जाएंगे।

विधायक हुसैन डीके शिवकुमार के मजबूत समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि 99 प्रतिशत संभावना है कि शिवकुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। तारीख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने इसे एक यादृच्छिक संख्या बताया और कहा कि हर कोई यही चर्चा कर रहा है। यह 6 जनवरी या 9 जनवरी हो सकती है। रामनगर से विधायक हुसैन ने यह भी मांग की कि शिवकुमार को मौका देने के लिए सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने खुले तौर पर शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की वकालत की और एक दिन पहले भी अपनी यह इच्छा सार्वजनिक रूप से जाहिर की थी।

इस बीच, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और भाजपा सांसद वी सोमन्ना ने गृह मंत्री जी परमेश्वर को मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन देने की बात कही। तुमकुरु में एक कार्यक्रम के दौरान सोमन्ना ने कहा कि सत्ता मिलना किस्मत की बात है। उन्होंने परमेश्वर की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी इच्छा है कि वे मुख्यमंत्री बनें और यह तुमकुरु के लोगों की भी भावना है। जब डीके शिवकुमार का नाम लिया गया, जो खुद एक मजबूत दावेदार हैं, तो सोमन्ना ने कहा कि यह अलग बात है और शिवकुमार का भविष्य उनकी किस्मत पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आचरण किस्मत से भी बड़ा होता है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 14 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मिलने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान पर चर्चा होगी। यह मुलाकात नई दिल्ली में कांग्रेस की एक बड़ी रैली के बाद होगी। इस रैली का उद्देश्य सत्ता पक्ष पर आरोप लगाना था।

कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के पास लगभग 140 विधायक हैं, जो बहुमत देते हैं। नवंबर में सरकार के पांच साल के कार्यकाल का आधा हिस्सा पूरा होने के बाद से नेतृत्व बदलाव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबरें हैं कि नई पीढ़ी को मौका देने के लिए मुख्यमंत्री पद को ढाई-ढाई साल के लिए बांटने का एक संभावित समझौता हुआ है। हालांकि, न तो पार्टी और न ही किसी नेता ने आधिकारिक तौर पर ऐसे किसी समझौते की पुष्टि की है। शिवकुमार ने कुछ समय पहले बिना विवरण दिए एक गुप्त समझौते का जिक्र किया था।

वर्तमान में 63 वर्षीय शिवकुमार ने 77 वर्षीय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ कोई खुला कदम नहीं उठाया है। फिर भी, पार्टी के अंदर गुटबाजी और दबाव की स्थिति बनी हुई है। विधायक हुसैन जैसे समर्थक खुले तौर पर शिवकुमार की दावेदारी मजबूत कर रहे हैं, जबकि सिद्धारमैया अपने कार्यकाल को पूरा करने



और रिकॉर्ड बनाने पर फोकस कर रहे हैं। यह स्थिति कर्नाटक कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि एकजुटता दिखाना जरूरी है, लेकिन अंदरूनी कलह पार्टी की छवि को प्रभावित कर सकती है। आने वाले दिनों में दिल्ली की बैठक और पार्टी हाईकमान के फैसले पर सभी की नजरें टिकी हैं। क्या नेतृत्व बदलाव होगा या सिद्धारमैया अपना कार्यकाल पूरा करेंगे, यह जल्द ही स्पष्ट हो सकता है। राज्य की राजनीति में यह घमासान आगे और तेज होने की संभावना है।

# जोजवा में गौ सेवा की अनूठी पहलः ग्रामीणों ने जुटाए पांच लाख रुपये, अब प्रशासन से गौशाला के लिए मांगी जमीन

### मांडलगढ़ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, त्रिवेणी रोड पर भूमि आवंटन की मांग

### पटवारी ने जताया पेंचः प्रस्तावित जमीन पर पहले से हो रहा चारागाह विकास कार्य

स्मार्ट हलचल।खटवाड़ा

समीपवर्ती जोजवा गांव के ग्रामीणों ने गौ सेवा के लिए एक शानदार मिसाल पेश की है। गांव में आवारा घूम रही गौ माता की सेवा और संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने जनसहयोग से करीब 5 लाख रुपये का चंदा इकट्ठा कर लिया है। अब ग्रामीणों ने गौशाला निर्माण के लिए प्रशासन से भूमि उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

सोमवार को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि 'जोजवा श्याम' के नाम से जोजवा-त्रिवेणी रोड पर



स्थित खसरा नंबर 446, 445, 444, 442, 441, 513/2 और 514 में से गौशाला निर्माण के लिए मुख्य सड़क के किनारे जमीन आवंटित की जाए, ताकि जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके।

गौशाला संचालन के लिए ग्रामीणों ने विधिवत समिति का गठन भी कर लिया है। इसमें दिलकुश जाट को अध्यक्ष, शंकर लाल तेली व हरी सुथार को उपाध्यक्ष, भरत कुमार तेली को कोषाध्यक्ष, रामप्रसाद पांडे को सचिव तथा भूरालाल खटीक व किशन तेली को महामंत्री/महासचिव नियुक्त किया गया है।

#### यह है पेंचः प्रस्तावित जमीन पर पौधारोपण

इधर, मामले में जोजवा पटवारी ने तकनीकी पेंच बताया है। पटवारी के अनुसार, जिस जमीन पर ग्रामीण गौशाला बनाना चाह रहे हैं, वहां पूर्व में एफईएस और आरसीएम संस्था द्वारा तारबंदी कर पौधारोपण और चारागाह विकास का कार्य करवाया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन के सामने भूमि आवंटन को लेकर चुनौती हो सकती है।

# भाजपा सरकार के दो वर्षः चिकित्सा विभाग में हालात बदतर, दिखावटी जश्न, जमीनी हकीकत शून्य

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान में भाजपा सरकार अपने दो वर्ष पूर्ण होने पर जहां 'उपलब्धियों के जश्न' का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं प्रदेश की जनता विशेषकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से त्रस्त है। राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी के पूर्व सदस्य मोहम्मद हारून रंगरेज ने भाजपा सरकार के दावों को सिरे से खारिज करते हुए चिकित्सा विभाग की गंभीर खामियों को उजागर किया। रंगरेज ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का स्वास्थ्य तंत्र लगातार कमजोर हुआ है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल कर्मियों की भारी कमी बनी हुई है। कई जिलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं, लेकिन सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा दो वर्ष पूरे होने के नाम पर मेडिकल कॉलेज, उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी व पीएचसी स्तर पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर महज दिखावा हैं । इन शिविरों में न तो कोई नई दवा उपलब्ध कराई जा रही है न ही बाहर से किसी विशेषज्ञ डॉक्टर को बुलाया गया । वही अस्पताल के रोज़मर्रा के डॉक्टर है । पुरानी गोलियां दी जा रही है । वही ओपीडी सेवाओं के नाम पर सिर्फ टेंट लगाकर और बोर्ड लगाकर इसे विशेष कैंप का नाम दिया जा रहा है। यह जनता को गुमराह करने का प्रयास है, न कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार। उन्होंने निशुल्क दवा योजना पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि आए दिन लाइफ सेविंग ड्रग्स खत्म हो जाती हैं और मरीजों को 10-15 दिन बाद आने के लिए कह दिया जाता है। गरीब मरीजों को मजबूरन बाहर से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं, जो सरकार के 'निशुल्क इलाज' के दावों की पोल खोलता है।चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि योजना की गुणवत्ता में भारी गिरावट आई है। कई निजी अस्पताल भुगतान में देरी और अव्यवस्थाओं के कारण योजना से दूरी बना रहे हैं, जिससे आमजन को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए एचएचआर ने कहा कि प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर न तो पर्याप्त स्टाफ है, न जांच सुविधाएं और न ही जरूरी उपकरण । परिणामस्वरूप ग्रामीण मरीजों को जिला मुख्यालय या बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने दो वर्ष पूरे होने के नाम पर केवल कर्मचारियों और संसाधनों को इधर-उधर किया है, कोई स्थायी सुधार नहीं किया गया। मरीजों को एक जगह से दूसरी जगह भेजकर केवल आंकड़े पूरे किए जा रहे हैं। 'भाजपा सरकार का 'सफलता का जश्न' पूरी तरह कागजी और दिखावटी है। जब तक आम नागरिक को समय पर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक ऐसे जश्न जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसे हैं।' उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़े इन मुद्दों को वे लगातार मजबूती से उठाते रहेंगे और सरकार को जवाबदेह बनाएंगे।

# भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा करने के आरोप में बोरेला सरपंच कंचन कोली बर्खास्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



जिले की पंचायत समिति आसींद की ग्राम पंचायत बोरेल की निवर्तमान सरपंच कंचन कोली (गुर्जर) पद का दुरुपयोग करने और कार्य में अनियमितता बरतने पर गाज गिरी है । राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग ने बोरेला प्रशासक को बर्खास्त कर दिया है । ग्रामीणों ने सरपंच पर भ्रष्टाचार और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए थे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी से सरपंच को पद से हटाने की मांग की थी । जांच रिपोर्ट के अनुसार सरपंच ने पद का दुरुपयोग करते हुए मनरेगा योजना के अंतर्गत छात्रों को भुगतान किया, मृतक की उपस्थिति दर्ज कर अनियमित भुगतान किया । मनरेगा राशि का भुगतान गलत खाते में करवाया साथ ही नियम विरुद्ध पट्टे जारी कर राजकोष को हानि पहुंचाई । सभी आरोप सही पाए जाने के बाद सरपंच कंचन कोली को पद मुक्त करने के आदेश अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव (द्वितीय) त्रिलोक चंद मीना ने सोमवार को जारी किए।

# रोडवेज बस स्टेंड से पंजाब के तस्कर पति पत्नी गिरफ्तार, 36 किलो से ज्यादा अवैध मादक पदार्थ जब्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सुभाषनगर थाना पुलिस ओर डीएसटी टीम के सहयोग से अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही हुई है । टीम ने 36 किलो 330 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त करते हुए तस्कर पति-पत्नि को गिरफ्तार किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए पारस मल जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में एवं माधव उपाध्याय आईपीएस वृताधिकारी वृत सदर के निकटतम सुपरविजन में सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई और डीएसटी भीलवाडा की एक विशेष टीम गठित की गई । पुलिस के अनुसार कैलाश



कुमार विश्नोई थानाधिकारी थाना सुभाषनगर मय जाप्ता के लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के लिए गश्त करते हुए डीएसटी टीम भीलवाडा के सहयोग से रोडवेज बस स्टैण्ड परिसर में संदिग्ध व्यक्तियो की तलाश व आकस्मिक चैकिंग के दौरान एक महिला व एक पुरुष ट्रोली बैग सहित दोनो मिले । जिनसे पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नही दे पाए ट्रॉली बैग को चेक किया तो उसमे कुल 36 किलो 330 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ । जिस पर अवैध मादक पदार्थ का परिवहन करने के आरोप में एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए आरोपित गुरदीप सिंह पुत्र जरनैल सिंह रामगढिया उम्र 40 साल निवासी भगता बाई थाना भगता बाई जिला भटिण्डा, पंजाब व हरजीत कौर पत्नी करमजीत सिंह (तलाकशुदा) हाल पति गुरदीप सिंह मजवी सिख उम्र 38 साल निवासी भगता बाई थाना भगता बाई जिला भटिण्डा, पंजाब को गिरफ्तार किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की । टीम में सुभाषनगर थानाप्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई, हैड कॉन्स्टेबल संजय डीएसटी (विशेष योगदान), कांस्टेबल राजेश कुमार डीएसटी (विशेष योगदान ), कांस्टेबल लोकेश कुमार थाना सुभाषनगर, नरेश कुमार थाना सुभाषनगर, श्रीमति ओरमता थाना सुभाषनगर शामिल रहे।

# बिजौलिया पुलिस का अपराधियो पर बड़ा प्रहार, 23 हिरासत में



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

बिजौलिया थाना पुलिस ने एरिया डेनोमिनेशन अभियान के तहत अपराधियो पर बड़ा प्रहार किया है और अलग अलग मामलो में 23 अपराधियो को दबोचा है । बिजौलिया थाना प्रभारी स्वागत पांड्या ने बताया की एसपी धर्मेंद्र सिंह के आदेश पर विशेष अभियान जारी है और अलग अलग अपराधो में संलिप्त अपराधियो की धरपकड़ की जा रही है । इसी के तहत एरिया डेनोमिनेशन अभियान के अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट, स्थाई वारंटियो, पोक्सो एक्ट में वांछित, नशा बेचने वाले और नशेड़ियों, न्यायालय के वारंटियों सहित शांति भंग करने वाले और आदतन अपराधियो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया और 23 अपराधियो पर शिकंजा कसते हुए सभी को हिरासत में लेकर जेल में डाला । पुलिस के अनुसार इस कार्यवाही में नंदलाल उर्फ नंदा, सूरज, प्रहलाद, देवीलाल, कालू सरदार, मांगीलाल, कालू बंजारा, लक्ष्मण, महावीर, अशोक, गोविंद कुमार, जगदीश, मनोज, सत्यनारायण, हरिशंकर, सूरजमल, विनोद, बबलू, शिवदयाल, रतनलाल, मुकेश, प्रगण सहित अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया है । एएसआई नरेश सुखवाल ने कहा की अपराधियो पर लगाम लगाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी । थाना क्षेत्र में अपराध और अपराधियो को बख्शा नहीं जाएगा ।

# बेकाबू होकर यात्रियों से भरी निजी बस पलटी, तीन दर्जन से ज्यादा घायल

### 7 से 8 एंबुलेंस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** सोमवार को मांडल उपखंड में एक निजी बस बेकाब् होकर पलट गई। यह हादसा हरिपरा चौराहे के पास खटीक खेडा सज्जनपुरा गांव के समीप हुआ। बस करेड़ा से भीलवाड़ा जा रही थी। इस हादसे में लगभग तीन दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहंचे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और राहत कार्य शूरू किया सूचना मिलने पर मांडल पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से बचाव अभियान चलाया। घायल यात्रियों को तत्काल मांडल अस्पताल पहंचाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए भीलवाड़ा रेफर किय गया। अस्पताल परिसर में घायलों और उनके परिजनों की भीड लगी रही। पुलिस ने घायल यात्रियों की पहचान और उनके यात्रा विवरण की जानकारी जुटाई । मांडल पुलिस दूर्घटना के कारणों की जांच में जूटी हई है। प्रारंभिक जांच में चालक द्वारा नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है, वही भीलवाड़ा जिला कलेक्टर एवं भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे मांडल पुलिस उपाधीक्षक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हालात का जायजा लिया । 108 एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत का विशेष योगदान रहा 108 एंबुलेंस के माध्यम से महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय में घायलों को पहुंचाया ,इस दौरान मांडल भगवानपुरा करेड़ा आसींद और अन्य अस्पतालों से करीब 7 से 8 एंबुलेंस मौके पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचने में मदद की।

# गिट्टी से भरे डंपर के निकलने से मेजा नहर की पुलिया टूटी, बड़ा हादसा टला, सिंचाई विभाग करेगा कानूनी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** आजाद नगर में सोमवार दोपहर गिट्टी से भरे एक डंपर के गुजरने के कारण मेजा नहर पर बनी एक पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि डंपर नहर में नहीं गिरा और न ही नहर की दीवारें टूटीं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि ऐसा होता, तो डंपर चालक और नहर के पास बने मकानों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती थी। हादसे की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे।



#### सिंचाई विभाग करेगा कार्रवाई:

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता जगदीश डांगी ने बताया, 'सोमवार दोपहर में सूचना मिली कि हमारी मुख्य नहर (मेजा नहर) पर आजाद नगर में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। हमने मौका मुआयना किया है और पुलिया टूटकर नहर में अटकी हुई है। '

मौके पर पूछताछ करने पर पता चला कि गिट्टी से भरे डंपर के निकलने से यह पुलिया टूटी है। फिलहाल, सुरक्षा की दृष्टि से हमने पुलिया के दोनों तरफ का रास्ता बंद कर दिया है। विभाग जल्द से जल्द पुलिया की मरम्मत करवाएगा। डांगी ने कहा, 'उक्त डंपर चालक का पता लगाया जा रहा है। अभी उसका नाम सामने नहीं आया है। हम थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाकर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। '

### अतिक्रमी की दबंगई

# निगम द्वारा हटाए गए अतिक्रमण पर पोल व तार गाडकर वापस कब्जा किया



#### आम रास्ता किया अवरुद्ध

स्मार्ट हलचल| पुर

नगर निगम द्वारा पुर में 9 दिसंबर को अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया था की पुर के वार्ड नंबर 2 में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पीछे कुछ व्यक्तियों द्वारा निगम की जमीन पर पत्थर की दीवार बनाकर आम रास्ते को अवरुद्ध किया गया है जिस पर निगम द्वारा उक्त दीवार को हटाई जाकर आम रास्ते को सुचारु किया गया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संजय खोखर, होमगार्ड के जवान एवं नगर निगम के कर्मचारी उप-स्थत रहे थे लेकिन अतिक्रमण कर्ता की दबंगता के चलते प्रशासन का खोफ़ नहीं होने से अतिक्रमणकारियो द्वारा पुनः सीमेंट के पोल एवं तार जाली लगाकर वाला अवैध कब्जा कर आम रास्ते को बंद कर दिया गया जिसकी सूचना निगम को भी दी गई। आमजन ने उक्त रास्ते से अतिक्रमण हटा पुनःआम रास्ते को सुचारू करवा कर अतिक्रमणकारियो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

# भीलवाड़ा में घूसखोर डॉक्टर ट्रैप, आयुष्मान योजना में बिल पास करने की एवज में 11 लाख रु की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा-द्वितीय द्वारा सोमवार को कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ पंकज छीपा मेडिकल ऑफिसर, केशव पोरवाल हॉस्पिटल भीलवाड़ा को 11 लाख रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी. बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा-द्वितीय को एक शिकायत मिली थी कि परिवादी के अस्पताल (श्री सिद्धी विनायक हॉस्पीटल भीलवाडा) के मुख्यमन्त्री आयुष्मान आरोग्य योजना के बिलो को नोटिस नहीं देने व अनियमितता सैटल करने व बिल पास करने की एवज में रिश्वत राशि की मांग कर आरोपी द्वारा परेशान किया जा रहा था। जिसका सोमवार को परिवादी को आरोपी डॉ पंकज छीपा के पास भेजकर नियमानुसार रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाया गया तो आरोपी द्वारा 9.50 लाख रूपये डॉ कुलदीप (सीनियर डॉक्टर) के लिये एंव 1.50 लाख रूपये स्वंय के लिए रिश्वत की मांग की गई। जिस पर एसीबी अजमेर रेंज के पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा-द्वितीय के नेतृत्व में नरपत सिंह चारण, पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा-द्वितीय ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ पंकज छीपा हाल मेडीकल आफिसर, केशव पोरवाल हॉस्पीटल भीलवाडा को मांग के अनुसरण में 2.00 लाख भारतीय चलन मुद्रा के असल नोट एवं 9.00 लाख के डमी नोट की रिश्वत राशि (कुल 11.00 लाख रूपये) लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# 2.90 लाख के नकली नोट जब्त

स्मार्ट हलचल | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी ने रविवार रात चित्रकूट इलाके में दबिश देकर नकली नोट तस्करी का खुलासा किया। पुलिस ने गोविंद चौधरी निवासी झालावाड़ और देवांश फांडा निवासी चित्रकूट नगर को गिरफ्तार किया। सूचना पर संदिग्ध कार को रोका गया। जिसमें गोविंद के पास से 1.90 लाख रुपए के नकली नोट मिले। पूछताछ में देवांश के पास भी नकली नोट होने की जानकारी पर उसके फ्लैट पर दबिश दी गई। जहां से 1 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए। कुल 2.90 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए गए। स्पेशल कमिश्नर राहुल प्रकाश के अनुसार आरोपियों ने नकली नोटों की खेप सहारनपुर, उत्तर प्रदेश से लाना बताया है।

# आसींद पुलिस ने डेढ़ साल से फरार 5 हजार के ईनामी को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

आसींद थाना पुलिस ने पिछले 1 साल 6 माह से फरार 5 हजार रूपये के ईनामी वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया। एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए बुधराज खटीक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहाडा के निर्देशन में व ओमप्रकाश सोंलकी वृताधिकारी, वृत आसीन्द के सुपरविजन मे थानाप्रभारी श्रद्वा पचैरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। दिनांक 13.07.2024 को प्रार्थी बालकिशन पिता रामलाल उम्र 25 साल निवासी जयसिहपुरा थाना बदनोर जिला ब्यावर ने थाना आसीन्द पर रिपोर्ट पेश कि और बताया की वह जीएसएस मोड का निम्बाहेडा में ठेकेदार है और मोड का निम्बाहेडा में जीएसएस में वर्तमान




में कार्यरत है दिनांक 9 जुलाई 2024 को रात्री में अज्ञात लोगो ने मोड का निम्बाहेडा जीएसएस स्थान से उसकी गैर मोजूदगी में 3 से 4 क्विंटल बिजली तार चोरी करके ले गये। जिसकी जानकारी अगले दिन सुबह जीएसएस स्थान पर पहुंचने पर मिली। इस संबंध में आस पड़ोस में लोगों से पुछताछ की लेकिन कही कोई पता नहीं चला। आशंका है कि उक्त तार की चोरी प्रार्थी की गैर मोजुदगी में दिलीप सिंह रावत निवासी रायदवा तहसील भीम ने की है वही तार चोरी करके ले जा सकता है। उक्त रिपोर्ट पर विधुत अधिनियम 2003 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की । गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण में शेष वाछिंत आरोपी देवीसिंह पिता धन्ना सिंह निवासी मोगर थाना बदनोर जिला ब्यावर कि तलाश के भरसक प्रयास किये मगर उक्त आरोपी फरार चल रहा था। जिस पर वांछित आरोपी देवीसिंह रावत की तलाश बाबत् पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाडा द्वारा 5 हजार रूपये का ईनामी घोषित किया गया। जिस पर थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन किया और तलाश तलाश कर आरोपित को डिटेन किया और गिरफ्तार कर लिया । टीम में आसींद थाना प्रभारी श्रद्वा पचैरी, मुरलीधर सउनि थाना आसीन्द, हैड कॉन्स्टेबल श्रवणकुमार (विशेष योगदान), विकास कुमार, सांवलराम (विशेष योगदान) शामिल रहे।

# अवैध बजरी परिवहन पर काछोला पुलिस की सख्त कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

स्मार्ट हलचल

**काछोला।** काछोला थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बनास नदी से अवैध रूप से बजरी भरकर ले जाए जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है यह कार्रवाई नव नियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक मालीराम के नेतृत्व में की गई, जिससे क्षेत्र में बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है । थाना प्रभारी मालीराम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बनास नदी क्षेत्र से अवैध रूप से बजरी का खनन कर परिवहन किया जा रहा है सूचना के आधार पर काछोला थाना पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक मालीराम व उप निरीक्षक बालकिशन शर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थल चौराहे के नजदीक नाकाबंदी की इसी दौरान




बनास नदी की ओर से आ रहा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से बजरी भरी हुई पाई गई पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने लाया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है थाना प्रभारी निरीक्षक मालीराम ने बताया कि अवैध बजरी खनन और परिवहन से न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचता है, बल्कि नदी क्षेत्र के पर्यावरण को भी गंभीर क्षति होती है इसी को देखते हुए अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस पूरी तरह सख्त है । थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध खनन या बजरी परिवहन की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। कारवाई के दौरान काछोला थाना प्रभारी निरीक्षक मालीराम उप निरीक्षक बालकिशन शर्मा व अन्य जाब्ता मौजूद रहा।

# बनेड़ा पटवार संघ के चुनाव निर्विरोध संपन्न



स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

राजस्थान पटवार संघ उपशाखा के चुनाव अधिकारी शिवकुमार सोनी एवं प्रकाश चन्द्र जोशी के पर्यवेक्षण में निर्विरोध संपन्न हुए। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष वजीर खां कायमखानी, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार जीनगर, महामंत्री ओमप्रकाश सुवालका, संयुक्तमंत्री कंचन शर्मा, संगठनमंत्री शबीर खां, कोषाध्यक्ष भारती सुथार एवं क्षेत्रीय सलाहकार निशा, कांता, फूलचंद तथा परमेश्वरी को निर्विरोध निर्वाचन होकर शपथ ग्रहण करवाई गई। नवीन गठित कार्यकारिणी सदस्यों का माल्यार्पण, साफा पहना कर सम्मान किया गया।

# शौभायात्रा निकाली, संस्कार भागवत एवं 108 तुलसी विवाह का सम्पन्न

स्मार्ट हलचल| पोटलां

सनातन संस्कृति का मूल आधार शालिग्राम पूजन है। शालिग्राम को जिस जल में डाल दो वह गंगाजल हो जाता है। शालिग्राम जल पूजन से आत्मा में व्याप्त विकार और दोष दूर होते हैं। तुलसी शालिग्राम विवाह आदर्श प्रेरणा का परिचायक है। यह बात निंबाहेड़ा गौशाला के संत पंडित राधेश्याम सुखवाल ने कही। वे विश्व सनातन हिंदू रक्षा संघ के घर -घर तुलसी शालिग्राम महाअभियान के तहत सांवलिया जी मंदिर पर भागवत संस्कार कथा में बोल रहे थें । उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही धार्मिक संस्कारों से जोड़ेंगे तो द्वेषता नहीं रहेगी। बच्चों का पूरा जीवन आनंद मय रहेगा। भक्त नेमा, मीराबाई और कर्मा बाई ने जब भगवान को भोग लगाया तो उनकी आयु मात्र 7-8 वर्ष की थी। तुलसी विष्णु को शिरोधार्य कर ही चढ़ाई जाती है। बच्चे बचपन से ही शिव की साधना आराधना तपस्या करें तो उनके जीवन में कभी कोई कष्ट नहीं आ सकता है। लोग अपनी



बेटी का विवाह करने के लिए उच्च परिवार, उच्च व्यवसाय, देखते हैं। शंकर भगवान के तो परिवार का ही पता नहीं था। संसार के सभी माता-पिता अपनी बेटी को परिवार सहित प्रसन्न रूप में देखना चाहते हैं। माता-पिता की सेवा से बढ़कर संसार में कोई बड़ा धर्म नहीं। मां का ऋण संसार में कोई उतार नहीं सकता है। राजनेताओं से अपने गृह क्षेत्र में सड़के बिजली के विकास कार्यों की मांग नहीं करें उनसे अपने बेटे बेटियों के और अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाने की बात करें। बेटे के जन्म पर खुशियां सभी मनाते हैं बेटियों के जन्म पर खुशियां बिरले ही लोग मानते हैं। शिव पार्वती विवाह परंपरा सनातन संस्कृति है। लिव इन रिलेशनशिप के कानून को समाप्त करना चाहिए। यह भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं है। इस अवसर पर संत राधेश्याम सुखवाल का सम्मान किया गया। महाराज ने कन्यादान दुल्हन की विदाई, तोरण द्वार, पूजन,नारद मुनि संवाद,विवाह, मीरा, विष्णु, प्रसंग महत्व पर वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व प्रतिपादित किया। तुलसी विवाह आरती संस्कार भागवत कथा में पोथी पूजन और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### 'तुलसी शालिग्राम विवाह बारात में झूमे श्रद्धालु'

भगवान शालिग्राम जी की बारात बस स्टैंड से बैंड बाजे भजन कीर्तन के साथ प्रारंभ हुई जो बाजार, चारभुजा नाथ मंदिर, सदर बाजार, जीनगर चौक, भेरूजी मंदिर, खटीक मौहल्ला, सत्यनारायण मंदिर सहित प्रमुख मार्गो से होती हुई सांवलिया जी मंदिर विवाह मंडप पंडाल पहुंचकर धार्मिक सामूहिक 108 तुलसी विवाह कार्यक्रम में परिवर्तित हो गई। बारात में महिला- पुरुष श्रद्धालुओं ने अपने हाथों में लड्डू गोपाल लिए सहभागी बने। इस अवसर पर श्याम की दीवानी राधा रानी नाचे छोटो सो कन्हैया मेरा बांसुरी बजावे यमुना जी किनारे रास रचाए... प्यारी प्यारी जोड़ी लग राधेश्याम की...बहारों फूल बरसाओ मेरे भगवान आए हैं आज मेरे श्याम की शादी है सांवरिया सेठ दे दे थारो भरीयोडो भंडार छोटो ना पड़े... बन्नो म्हारो चारभुजा रो नाथ बन्नी म्हारी तुलसा लाड़ली लाल जोड़े में ऐसे शरमाई रे मेरी तुलसा दुल्हन बनके आई रे...., आदि भजनों पर बाराती झुम उठे। शालिग्राम बारात तुलसी विवाह के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ इस दौरान लोगों द्वारा कार्यकर्ताओं दुपर्णा पहनाकर स्वागत किया गया।

# राजगढ़-चौहली सड़क पर पेचवर्क के नाम पर लीपापोती

### दस दिन में ही उखड़ने लगी डामर



स्मार्ट हलचल| काछोला

काछोला क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति किसी से छिपी नहीं है राजगढ़-चौहली सड़क पर हाल ही में किए गए पेचवर्क कार्य ने विभागीय दावों की पोल खोलकर रख दी है मात्र 10 दिन पूर्व किए गए पेचवर्क की डामर परत अब उखड़ने लगी है, जिससे सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं स्थिति यह है कि आगे-आगे पेचवर्क किया जा रहा है और पीछे से सड़क फिर से उखड़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के अधिकांश मार्ग खस्ताहाल हैं, लेकिन जिन सड़कों पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, वहां भी घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है राजगढ़ से चौहली तक के मार्ग पर जगह-जगह डामर उखड़ने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलने से दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के चलते केवल खानापूर्ति के लिए पेचवर्क कराया जा रहा है। न तो गुणवत्ता की जांच की जा रही है और न ही नियमों का पालन ग्रामीण भंवर सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए तथा सड़क का स्थायी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# बनेड़ा में खाद आने की सूचना मिलते ही किसानों में मची खाद लेने की होड़



स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** उपखण्ड मुख्यालय पर विगत एक पखवाड़े से खाद की कमी से जुझते किसानों को खाद आने की खबर लगते ही महिलाओं और पुरुषों की लम्बी कतारें लग गई । क्रय-विक्रय सहकारी समिति के खुलने से पहले ही युरिया खाद के लिए महिलाओं और पुरुषों की लम्बी कतारें लग गई। प्रातः दस बजे कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में आधार कार्ड के प्रत्येक आधार कार्ड पर एक खाद का कट्टा उपलब्ध किसानों को वितरित किया गया जा रहा है। विदित है कि रविवार को समिति मे 670 कट्टे आए थे। जिनका वितरण कृषि विभाग की देख रेख में एवं पोष मशीन के मार्फत वितरण किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय स्तर पर जागेटिया एवं राठी दम्पत्ति को मिला दी स्टार ऑफ माहेश्वरी सोसायटी सम्मान 2025

# आईएमसीसी का स्पष्ट सिद्धान्त अच्छे कार्य करने पर प्रोत्साहित, गलत करने पर हतोत्साहितः कुसुम जागेटिया


स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत के बैनर पर समाज सेवा एवं मानव सेवा हेतु किए जा रहे सार्थक प्रयासों हेतु राष्ट्रीय स्तर के सम्मान दी स्टार ऑफ माहेश्वरी सोसायटी सम्मान-2025 से क्लब के भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष डॉ चेतना सुनील जागेटिया एवं जिला सचिव डॉ राखी प्रमोद राठी को क्लब के राष्ट्रीय कार्यालय गीता भवन सभागार भीलवाड़ा में आयोजित सादे समारोह में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुमन सुरेश सोनी एवं कार्यक्रम संयोजक तथा पूर्व जिलाध्यक्ष कुसुम राकेश जागेटिया ने भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चयन कर्ता राजस्थान




प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुमन सुरेश सोनी ने बताया कि वर्तमान में क्लब की पूरे देश में फैली हुई 132 जिला शाखाओं के जिलाध्यक्ष व सचिव सहित परमार्थ हितार्थ कार्य करने वाले विभिन्न सदस्य कपल्स में से 251 कपल्स को चयनित किया गया है तथा उन्हें समारोह पूर्वक अपने अपने जिलों में इस सम्मान को भेंट कर सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक तथा पूर्व जिलाध्यक्ष कुसुम राकेश जागेटिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब का स्पष्ट सिद्धान्त है कि अच्छे कार्य करने पर लोगों को प्रोत्साहित करें और गलत काम करने पर बिना संकोच हतोत्साहित करें। राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन से बड़ा कोई सदस्य-कोई पदाधिकारी नहीं है और अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब कोई राजनैतिक संगठन नहीं है कि हमें भीड़ या शक्ति प्रदर्शन की जरूरत हो, वैचारिक क्रान्ति अभियान के जरिए हमारा प्रमुख उद्देश्य है समाज में अच्छे सकारात्मक ऊर्जा वाले नैतृत्वकर्ता तैयार हो जो समाज को लीडरशीप दें सकें। उन्होंने सम्मानित हो रहे सभी 251 कपल्स को क्लब के समस्त सदस्यों की तरफ से बधाईयां भी प्रेषित की। अपने सम्मान पर क्लब का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष डॉ चेतना सुनील जागेटिया एवं जिला सचिव डॉ राखी प्रमोद राठी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब की विशेषता है कि इसमें प्रत्यैक पदाधिकारी, प्रत्यैक सदस्य. स्वयं अपनी रूचि से, स्वयं के आनन्द लेने के लिए, स्वयं का तन-मन-धन लगाकर परमार्थ हित के कार्य कर रहे हैं और अच्छे कार्य करने पर मिलने वाला प्रोत्साहन व सम्मान सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

# जहीर खान प्रदेश सचिव मनोनीत



स्मार्ट हलचल| सूरौठ

मुस्लिम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान भाटी ने कस्बा सूरौठ निवासी जहीर खान को संगठन में प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। जहीर खान की नियुक्ति मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी, राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर पठान एवं राष्ट्रीय प्रभारी अमजद पठान की विशेष अनुसंशा पर की गई है। जहीर खान लंबे समय से समाजसेवा, शिक्षा प्रसार और युवाओं के मार्गदर्शन से जुड़े रहे हैं। खान को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# जीवन मे सफल होने के लिए अच्छे व सच्चे बने-थाना प्रभारी शर्मा

### स्कूली बच्चो ने किया थाने का भ्रमण, पढ़ा अनुशासन का पाठ



स्मार्ट हलचल| काछोला

कस्बे में काछोला थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा के साथ द ब्रेन वेली मॉडर्न स्कूल के बच्चों ने काछोला थाने का शैक्षिक भ्रमण किया। थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने विद्यार्थियों को थाने से संबंधित जानकारी दी। थाना प्रभारी शर्मा ने विद्यार्थियों को थाने में मुकदमा दर्ज करने, रजिस्टर का रख रखाव, माल खाने की देखरेख, यातायात नियम, मोटर दुर्घटना कानून, नशा निषेध, पोक्सो एक्ट, गुड़ टच बेड टच, चोरी नही करना, झूठ नही बोलना, मोबाईल का उपयोग कम करना, समेत थाने पर होने वाली प्रक्रियाओं को समझाया। वही मालखाना, लॉक अप, कम्प्यूटर रूम, थाना प्रभारी कक्ष, हथियार, वायरलेस सिस्टम, आदि को देखा, महिला हेल्प डेस्क से संबंधित जानकारी छात्राओं को दी। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका थाना प्रभारी ने जवाब देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया और बताया कि स्कूली बच्चे पुलिस से मिलकर काफी उत्साहित थे।बच्चे पुलिस से मिलकर पुलिस फ्रेंडली बनते है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ती है।भ्रमण के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है व उनमें कुछ नया करने की जागृति पैदा होती है।बच्चो ने पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा और बड़े होकर देश की सेवा करने की प्रेरणा ली। इस अवसर पर बच्चों को हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देकर कहा गया कि जरूरत पड़ने पर इनका प्रयोग करें पुलिस सहायता तुरंत आपके पास होगी। इस दौरान एएसआई इंद्राज मीणा, दीवान मोहन लाल, स्कूल के डायरेक्टर प्रितम सोनी, गोपेश कुमार, नितेश कुमार, पवन कुमार, प्रधानाचार्य मोनिका सोनी, पूजा शर्मा, चंदा वैष्णव, सहित आदि उपस्तिथ थे।

# माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब ने किया सितोलिया महोत्सव 2026 पोस्टर का विमोचन

### 14 जनवरी को होगा सितोलिया महोत्सव उड़ती पतंग उछलते पत्थर का आयोजन, माहेश्वरी समाज की करीब 20 टीमें लेगी भाग



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आज उड़ती पतंग, उछलते पत्थर सितोलिया महोत्सव 2024 के पोस्टर का विमोचन किया गयां चेयरपर्सन निशा सोनी के अनुसार अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की संगठन मंत्री श्रीमती ममता मोदानी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति लोहिया और नगर अध्यक्ष श्रीमती सुमन सोनी जिला सचिव भारती बाहेती के सानिध्य में सभी प्रभारी के साथ पोस्टर का विमोचन किया गया। डायरेक्टर ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन श्रीमती सोनल माहेश्वरी ने बताया कि 14 जनवरी को एक बड़े महोत्सव सितोलिया महोत्सव उड़ती पतंग उछलते पत्थर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें माहेश्वरी समाज की करीब 20 टीमें भाग लेगी और सितोलिया खेलेंगे। डायरेक्टर ऑफ़ फाइनेंस श्रीमती कल्पना सोमानी ने बताया कि विमोचन के समय आज इस आयोजन को संभालने वाले प्रभारी जिनमे चेतना जागेटिया, सुमित्रा भदादा, अमिता मुंद्डा, वंदना सोनी, सोनू कोगटा, हिर जागेटिया, मोना डाड, अंकिता राठी, निशा काकानी, राधा न्याती, उषा पटवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका है इसी तथ्य को ध्यान में रखकर सितोलिया महोत्सव के 15 प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। खेलों को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक खेल की यह शुरुआत माहेश्वरी समाज की महिलाओं के लिए बहुत ही यादगार और अमूल्य रहेगी।

# क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में सनराइजर्स बामनिया विजेता बनी




स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के बामणिया ग्राम आयोजित वीर तेजाजी प्रीमियर लीग सीजन-5 का फाइनल मुकाबला रविवार रात्रि को खेला गया। फाइनल मैच मे सनराइजर्स बामनिया विजेता तथा किंग्स इवलेवन उपविजेता रही।

बामनिया क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह रविवार रात्रि को ईडन गार्डन (सीनियर स्कूल के खेल मैदान ) में भाजपा युवा नेता भरत सिंह राठौड़, श्री जी ग्रुप के मालिक शंकर डांगी,रामस्वरूप गुर्जर सत्यनारायण माली, समाजसेवी नरेंद्र सिंह कानावत, कन्हैया लाल वैष्णव, प्रकाश सेन, रणवीर सिंह राठौड़, मोहन गाडरी, राजवीर सिंह कानावत, की उपस्थिति में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट के पाँचवे सीजन में खिलाड़ियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।ग्रामीणों व खेलप्रेमियों ने कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।टूर्नामेंट में बामनिया क्षेत्र की 6 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स बामनिया ने किंग्स इलेवन बामनिया को 48 से हराकर। प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। अतिथियों द्वारा विजेता टीम बामणिया सनराईजर्स को पारितौषिक के रूप 11000 रूपये नकद और ट्राफी तथा उप विजेता टीम किंग्स इलेवन बामणिया को पारितौषिक के रूप में 7500 रूपये नकद और ट्राफी तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 5100 सौ रुपये नकद प्रदान किए गए। वही मेन ऑफ द टूर्नामेंट गणेश जाट, बेस्ट बोलर विनोद शर्मा, बेस्ट फील्डर सागर जाट रहे।

आयोजक समिति के प्रमुख सदस्य भूपेंद्र सिंह राठौड़, मनीष पारीक, लादू सिंह राठौड़, नारायण माली, राहुल वैष्णव, नारायण जाट, शिवम सुवालका, कुलदीप सिंह सोलंकी ने सभी पधारे हुए अतिथियों का दुपट्टा एवं साफा पहनाकर स्वागत किया, साथ ही टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामवासियों एवं खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया।

# सीएम के जन्मदिन पर वैर में रक्तदान शिविर



स्मार्ट हलचल

वैर राजकीय चिकित्सालय वैर में राजस्थान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजन किया । जिसमें जिसमें सभी के द्वारा 55 यूनिट रक्तदान हुआ, मतदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम तहसीलदार महेश चंद शर्मा ,नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार गर्ग, अध्यक्ष विष्णु महावर,भाजपा कार्यकर्ता संतोष धाकड़, आदि मौजूद है। भाजपा कार्यकर्ता संतोष धाकड़ एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव सिंह बेवर, शिव सिंह, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र सिंह फौजी ,कौशलेंद्र शर्मा सिरस, भाजपा महामंत्री राघवेंद्र सैनी उपाध्यक्ष सतीश प्रजापत, टोडलमल, बाबूलाल कोली तेजाराम जाटव, प्रेम नारायण धाकड महामंत्री, आदि मौजूद रहे।

### शाहपुरा स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी में कवियों ने छोड़े व्यंग्य बाण

# किसी अज्ञात मंजिल की कसक फिर क्यों सताती है...

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

साहित्य सृजन कला संगम के तत्वावधान में शाहपुरा के 394 वें स्थापना दिवस पर 'प्रेम- मोहन' भवन में आयोजित हुई। काव्य गोष्ठी में विविध रंगों में रचनाएं कवियों ने प्रस्तुत की। शाहपुरा जिले को फिर से बहाल करने को लेकर कवियों ने व्यंग्य बाण चलाए। काव्यगोष्ठी का आरंभ प्रसिद्ध साहित्यकार एवं अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. कैलाश मंडेला द्वारा शाहपुरा के इतिहास एवं वर्तमान स्थिति पर लिखित महत्वपूर्ण लेख एवं डॉक्यूमेंट्री 'मैं शाहपुरा हूँ' को सुनाया तो लगा कि मानो सम्पूर्ण शहर और शाहपुरा क्षेत्र का इतिहास एवं विशेषताएं जीवन्त हो गई। इस आलेख में शाहपुरा स्थापना से लेकर आज तक की घटनाओं का समावेश दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत हुआ है। वरिष्ठ गीतकार कवि बालकृष्ण बीरा की मां शारदे की वन्दना 'भाव मांडणा मनड़ा म मंडाय दे' जैसी बेहतरीन रचना से हुआ। सीए अशोक बोहरा ने ' मैं हूँ इस देश का आम नागरिक एवं देश के आंतरिक आतंकवाद पर रचना प्रस्तुत कर सबकी दाद बटोरी।

कवि ओम अंगारा ने 'ओछा मिनख सूं प्रीत राखबो' जैसी सार्थक रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन कर रहे हास्य कवि दिनेश बंटी ने छोटी - छोटी रचनाओं से आनंदित



कर अपनी कविता 'शहर हमको कह रहा है, ये किला क्यों ढह रहा है' तथा मैंने जागती आंखों से सपना देखा है, आज भी कई दफ्तरों पर जिला शाहपुरा लिखा है।' सुनाई। शिव प्रकाश जोशी ने 'घायल धरती की छाती पर कैसे गीत लिखूं मैं' एवं 'हाल क्या है दिलों का बताया नहीं जाता' पर खूब दाद पाई। वरिष्ठ कवि भंवर भड़ाका ने 'पनघट, कुआ आज बेजान हो गया, सारी दुनिया का कूड़ेदान हो गया' रचना का बेहतरीन काव्यपाठ किया।

संस्था अध्यक्ष जयदेव जोशी ने 'शाहपुरा जो रामस्नेही संतों की पावनपीठ है जहां प्रेम और भक्ति का वैराग्य है।' सुना कर दाद दी। शायर विष्णुदत्त विकल ने अपनी गजल में 'इतनी बेशर्मी कहां से लाते, खुद लुटेरे चोर - चोर चिल्लाते हैं ' तथा 'अपनी जन्म भूमि से जो कर रहे दगा वो जननी इन्हीं पर शर्मसार है।' जैसी पीड़ाओं को रखा। सोमेश्वर व्यास एवं गोपाल राजगुरु ने शाहपुरा के गौरवशाली इतिहास का बखान किया। गीतकार सत्येंद्र मंडेला ने 'लाडा की भुआ' पात्र से बेहतरीन हास्य व्यंग्य प्रस्तुत किया। वरिष्ठ गीतकार बालकृष्ण बीरा ने 'शाहपुरा रो गुणगान करां ई धरती रो सम्मान करां' प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. कैलाश मंडेला ने अपनी दार्शनिक हिन्दी ग़ज़ल 'जिन्हें दुनिया सदा उपलब्धियां कह कर गिनाती है, उन्हें अपनी बताने में मुझे क्यों शर्म आती है। कभी मैं सोचता हूं क्या यही था ध्येय सचमुच में। किसी अज्ञात मंजिल की कसक फिर क्यों सताती है।।' सुनाकर बढ़िया ढंग से गोष्ठी को समापन तक पहुंचाया। काव्य गोष्ठी में समाजसेवी रामस्वरूप काबरा, अधिवक्ता अनिल शर्मा, अखिल व्यास सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थित दी।

# महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर रायपुर में होगी प्रतियोगिता



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

मेवाड़ युवा जाट महासभा की बैठक जाट छात्रावास रायपुर में आयोजित की गई जिसमें महाराजा सूरजमल जी के बलिदान दिवस पर 25 से 26 दिसंबर को जाट छात्रावास रायपुर में आयोजित होने वाली दो दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिता पर चर्चा की गई । जिसमें वॉलीबॉल, लंबी दौड़ और रस्साकशी का आयोजन किया जाएगा । टूर्नामेंट में रायपुर और सहाड़ा तहसील के जाट समाज के प्रत्येक गांव की टीम हिस्सा लेगी तथा जिस गाँव से टीम खेलेगी उस गाँव से चार खिलाड़ी होने अनिवार्य है । बैठक में युवा अध्यक्ष सुरेश जाट रेवाड़ा, पूर्व अध्यक्ष रतन जाट जगदीश जाट नान्दशा गिरधारी लाल सूरजपुरा छीतरमल जाट बद्रीलाल नाथडियास नारायण जाट निम्बाहाडा खेड़ा शिवलाल परसराम रायपुर राजू जाट नान्दशा मदन जाट सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# लाडपुरा में राम दिव्य रथ यात्रा का स्वागत करते श्रद्धालु

## लाडपुरा में गाजे-बाजे के साथ निकाली रथयात्रा, उमड़े श्रद्धालु और श्रीराम दिव्य रथ का किया भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे में कोटा-चित्तौड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर स्थित धार्मिक मंदिर भगवान बिहारी नाथ देवनारायण की बनी में बानोड़ा बालाजी के आचार्यत्व एवं शेषावतार कल्लाजी महाराज के पावन सान्निध्य में 'श्री रामकृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ' (पंच दिवसीय पंचकुण्डात्मक महोत्सव) का शनिवार को सम्पन्न हुआ।

रविवार को श्री बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर प्रांगण से चारभुजा नाथ का बेवान धूम धड़ाके, गाजे बाजे के साथ भक्त जन भगवान के भजन नृत्य करते हुए शोभायात्रा के रूप में चारभुजानाथ मंदिर पहुंचे। जिनका जगह-जगह पुष्पवर्षा से



स्वागत किया गया।

सोमवार को श्री बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर प्रांगण से बानोड़ा बालाजी के आचार्यत्व एवं शेषावतार कल्लाजी महाराज के सान्निध्य में निकाली जा रही राम दिव्य रथयात्रा के लाडपुरा चौराहे, आरोली चौराहे, नयानगर प्रवेश पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ आचार्यत्व एवं शेषावतार कल्लाजी महाराज के सान्निध्य में श्रीराम दिव्य



रथ सोमवार को दोपहर 12:15 बजे श्री बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर लाडपुरा से गोलमगढ़ बालाजी मंदिर प्रवेश पर शाम 4:15 बजे लोगों ने स्वागत किया। राम दिव्य रथ यात्रा धूम धड़ाके, गाजे बाजे के साथ भक्त जन भगवान के भजन नृत्य करते हुए शोभायात्रा के रूप में गोलमगढ़ बालाजी स्थल पर पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने गांवों में भी रथयात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की। गोलमगढ़ बालाजी मंदिर प्रांगण महोत्सव एवं पंच दिवसीय पंच कुण्डात्मक महायज्ञ कार्यक्रम में राम दिव्य रथ यात्रा प्रवेश रहेगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान सुथार, दिनेश सिंह शक्तावत, मोड़ू माली, शंभू धाकड़, नंद गुर्जर, कालू सुथार, एवं बानोड़ा से कमलेश सुथार व शंभू सुथार, सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

क्षेत्र के गोलमगढ़ बालाजी स्थल पर बनोड़ा बालाजी के आचार्य तत्व में नयानगर में श्री श्री 1008 श्री बानोड़ा बालाजी के आचार्यत्व एवं श्री श्री 1008 शेषावतार श्री कल्लाजी महाराज के सानिध्य में श्री राम दिव्य यज्ञ विशाल कुंभ के तहत पंच कुण्डीय रामकृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा।

# नाकाबंदी के दौरान कार से मिला 20 किलो अवैध डोडा चूरा, दो गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध भीलवाड़ा पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है । इसी कड़ी में हमीरगढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मे कार्यवाही को अंजाम दिया है और नाकाबंदी के दौरान कार से अवैध मादक पदार्थ बरामद कर दो तस्करो को गिरफ्तार किया है । हमीरगढ़ थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया की एनएच 48 चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की तरफ बनास पुलिया पर नाकाबंदी कर रखी थी । इस दौरान चित्तौड़गढ़ की तरफ से एक सफेद रंग की ईटियोस कार आते हुए नजर आई । पुलिस टीम को देख चालक ने वापस घूमने की कोशिश की शंका होने पर कार को तत्काल प्रभाव से बेरिकेड लगाकर रोका । कार सवार दोनो व्यक्तियों से पूछताछ की और कार को वापस घुमाने का कारण पूछा तो दोनो आरोपी घबरा गए और कोई जवाब नही दे पाए । टीम ने कार की तलाशी ली जिसमे सफेद रंग का और एक काले रंग का कट्टा मिला जिनमे 20 किलो पिसा हुआ अवैध डोडा चूरा मिला जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया और दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार को जप्त कर लिया और



एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की । पुलिस ने बताया आरोपी कार के बोनट के इंजन के ऊपर प्लास्टिक के कट्टो में डोडा चूरा पाउडर भरकर चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की तरफ जा रहे थे । आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ।

### ये हुए गिरफ्तार

लतिफ अहमद पिता कपुर चन्द उम्र 42 साल निवासी पंजलासा थाना नारायणगढ जिला अम्बाला हरियाणा और यामीन मोहम्मद पिता शब्बीर अहमद उम्र 45 साल निवासी बरोली थाना नारायणगढ जिला अम्बाला हरियाणा को गिरफ्तार किया ।

### ये रहे टीम में

टीम में हमीरगढ़ थाना प्रभारी सुनिल कुमार बेडा, कोंस्टेबाल विशम्बर दयाल सीओ सदर, मनोहर, कुशवेन्द्र, शम्भु लाल, बलवीर सिंह थाना हमीरगढ, सतपाल, कृष्ण कुमार, रामदेव और जयप्रकाश शामिल थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** राजकीय महाविद्यालय रायपुर, में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (दिनांक 15 से 21 दिसंबर 2025) का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में उत्साह, अनुशासन एवं सेवा-भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। शिविर के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार गोरा रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री भैरू लाल सेन द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

अपने उद्घाटन उद्बोधन में प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार गोरा ने सात दिवसीय विशेष



शिविर के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र सेवा की भावना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है, जो युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाती है।

डॉ. गोरा ने 'राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व और युवा शक्ति' विषय पर अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाया जाए, तो समाज और राष्ट्र में व्यापक परिवर्तन संभव है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शिविर के दौरान आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों में पूर्ण मनोयोग, अनुशासन एवं सेवा-भाव के साथ सहभागिता निभाएं।

उद्घाटन सत्र के दौरान श्री भैरू लाल सेन ने शिविर की सात दिवसीय कार्ययोजना की जानकारी दी, जिसमें स्वच्छता अभियान, श्रमदान, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित गतिविधियों को शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त होगा, जो उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा।

इसके उपरांत शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों को पांच समूहों में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक समूह के लिए एक-एक टीम लीडर का चयन किया गया। टीम लीडर चयन की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण रही, जिससे स्वयंसेवकों में नेतृत्व भावना एवं उत्तरदायित्व की समझ विकसित हो सके।

# प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं को लेकर सरकार संवेदनशील-गैना

स्मार्ट हलचल | हरसौर

सोमवार को ग्राम भेरून्दा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में कुल 335 मरीजों का उपचार किया गया।



शिविर का उद्घाटन नागौर लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरिता गैना ने फीता काटकर किया। गैना ने महिलाओं को आयुष्मान आरोग्य कार्ड का वितरण किया। उन्होंने शिविर में आए मरीजों से कुशलक्षेम भी पूछी। शिविर को सम्बोधित करते हुए गैना ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील है।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सम्बंधित मरीजों को निशुल्क दवाएं एवं पोषण किट वितरित किए गए। इस दौरान बीसीएमओ डॉ राजेंद्र चौधरी, प्रशासक अमरचंद जाजड़ा, मण्डल अध्यक्ष अमित आसोपा, रामनिवास घासल, अजीत सिंह जोधा, रेखाराम माठ, नेमीचंद बालोटिया, हेमेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आरोग्य शिविरों में जांची सेहत, विकास प्रदर्शनी आज से

स्मार्ट हलचल

**बारां।** राज्य सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत सोमवार को रक्तदान शिविर, आरोग्य शिविर, गौ सेवा व दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मनिहारा महादेव मंदिर तालाब परिसर में पार्क का उद्घाटन किया गया। मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय स्थित सूचना केन्द्र में तीन दिवसीय जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा।

शहर के कोटा रोड स्थित गौशाला में पशुपालन विभाग के संयोजन में गौ सेवा कार्यक्रम के तहत सोमवार को गौ पूजन कर हरा चारा खिलाया गया। कार्यक्रम में विधायक राधेश्याम बैरवा, उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह



तोमर, सीईओ जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी, एएसपी राजेश चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, समाजसेवी नरेश सिंह सिकरवार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुबोध दामोदर माटे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से दिव्यांग जनों को स्कूटी का वितरण भी किया गया। मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से सूचना केन्द्र में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा। जबकि नगर परिषद की ओर से मनिहारा तालाब परिसर में पार्क का शुभारंभ किया जाएगा।

# चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट को मिली बम से उड़ाने की धमकी पर पूर्व मंत्री जाड़ावत का रिएक्शन बोले- भाजपा का डबल इंजन फेल

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** चित्तोड़गढ़ जिला कलक्टर की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजे गए एक मेल के माध्यम से कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी पर बोले पूर्व मंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत, राज्य में कानून-व्यवस्था फेल।

जिला कलक्टर की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजे गए एक मेल के माध्यम से धमकी मिलने पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने राज्य की भजनलाल



सरकार को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज शेष नहीं बची है। चित्तौड़गढ़ जिले में यहां माफिया और बदमाशों की सक्रियता तेजी से बढ़ी है। जिसके कारण आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। जिससे राज्य के साथ जिले की जनता परेशान है, बीजेपी की डबल इंजन वाली सरकारें सुरक्षा तक देने में नाकाम साबित हुई हैं, कभी रेत माफियाओं द्वारा अजयराज हत्याकांड हो, सूरज माली मारपीट प्रकरण, रमेश ईनाणी की गोलीमार कर की गई हत्या हो, गैंगस्टर ग्रुप द्वारा कन्हैयालाल खटीक को रंगदारी की धमकी, रावतभाटा में व्यापारी को रंगदारी की धमकी क्या इनके लिए आमजन की सुरक्षा की कोई अहमियत नहीं है? कानून-व्यवस्था प्रदेश में पूरी तरह चरमरा चुकी है, पूर्व में राजस्थान हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है, वहीं ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह को भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है, ऐसे में आमजन में इस तरह की घटनाओं से दशहत का माहौल बना हुआ है, उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जंगलराज कायम है। बेटियों के साथ होने वाले आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं तस्करों के हौसले बुलंद है प्रदेश में अन्य स्थानों पर गेंगवार की घटना हुई है जिससे प्रदेश की जनता सहमी हुई है।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बस्सी क्षेत्र में युवाओं ने फल वितरित किये



स्मार्ट हलचल

**बस्सी।** विकसित राजस्थान के शिल्पकार राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी जन्मदिवस एवं उनके यशस्वी नेतृत्व में राजस्थान सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर आज बस्सी शक्ति केंद्र उप जिला चिकित्सालय बस्सी फल बिस्किट वितरित किए, बस्ती शक्ति केंद्र संयोजक कालू लाल व्यास ने बताया कि इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सी पी नामधराणी, मंडल अध्यक्ष गोपाल चौबे , प्रशासक प्रेम भाई, महामंत्री सोहनलाल खटीक, जगदीश भांड, रामस्वरूप पुरोहित, जगदीश सिसोदिया, राधेश्याम साहू,कैलाश नारानीवाल, राम लाल तेली, सुनील माली, विशाल पंवार, दीपक साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कक्षा 10 वीं के मुस्लिम विद्यार्थियों को की गई नि:शुल्क पासबुक वितरण

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

'मां की गोद से कब्र की गोद तक इल्म हासिल करो' इस प्रेरणादायी संदेश के साथ रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, निंबाहेड़ा के तत्वावधान में राजस्थान बोर्ड की कक्षा दसवीं में अध्ययनरत मुस्लिम छात्र-छात्राओं को सभी विषयों की निःशुल्क पासबुक का वितरण रविवार, 14 दिसंबर को प्रातः 9:00 बजे निंबाहेड़ा में यहां स्थित नूर महल रोड पर पुराने स्कूल परिसर (नूर महल) में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाजी मौलाना यूसुफ निजामी साहब ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन और अनुशासन ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। वहीं मौलाना सिद्दीक नूरी साहब, चित्तौड़गढ़ ने समाज से अपील करते हुए कहा कि शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची से बचकर वही धन अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करें, ताकि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और आत्मनिर्भर बन सके।

रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद



फारूक ने जानकारी देते हुए बताया कि सोसाइटी द्वारा कक्षा दसवीं के मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष निःशुल्क पासबुक वितरण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी विशेष रूप से तैयार की गई ये पासबुक विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक सिद्ध होंगी और परीक्षा में बेहतर अंक अर्जित करने में सहायक रहेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा में प्रश्न-पत्र को सरल एवं प्रभावी ढंग से हल करने के उपयोगी टिप्स भी दिए गए, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी में विशेष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद फारूक, उपाध्यक्ष रशीद खान, सचिव यासीन एडवोकेट तथा कमेटी सदस्य शाहनवाज खान, आमद रज़ा, आमिर अनवर, सरफराज मेव, सिकंदर मेव, अदनान मंसूरी, शाहरुख खान, वाजिद खान एवं नाजिम अंसारी द्वारा निःशुल्क पासबुक वितरण में सहयोग देने वाले एक्सपर्ट शिक्षकों का गुलपोशी कर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर हाजी मौलाना यूसुफ निजामी साहब, मौलाना रिज़वान साहब,मौलाना सिद्दीक नूरी साहब (चित्तौड़गढ़), प्रोफेसर अमजद साहब (चित्तौड़गढ़), प्रोफेसर आरिफ साहब (उदयपुर), विजयनगर से हाकम खान,निंबाहेड़ा कृति संस्था के सचिव सिराज खान, हाजी एजाज खान, पत्रकार ज़ाकिर हुसैन, फैसल खान, पहचान संस्था के अध्यक्ष अब्दुल वाहिद खान, रिटायर्ड लेक्चरार इम्तियाज अहमद, लुकमान रहमानी, रहमान साहब, लुकमान मंसूरी, निवर्तमान पालिका पार्षद हाजी अतीक खान, निंबाहेड़ा मंसूरी जमात के अध्यक्ष हाजी मुश्ताक अहमद मंसूरी एवं सचिव यूसुफ मंसूरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण, छात्र-छात्राएं एवं पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना रहा। उपस्थित जनसमुदाय ने रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के इस सराहनीय प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

# भजनलाल सरकार के सफलतम 2 साल...?



स्मार्ट हलचल

प्रदेश की सरकार अपने 2 साल पूरे होने पर जश्न मना रही है, इन दो सालों को सरकार सफलतम बता रही है, जगह जगह इनके विधायक मंत्री प्रेस वार्ता ओर कार्यक्रमों से लोगों को बता रहे कि हमारे 2 साल सफलतम रहे, उपलब्धियां गिनाने में सभी पूर्ण रूप से व्यस्त है, लेकिन क्या वास्तव में इस सरकार के ये 2 साल सफलतम रहे है यह सोचने को हर किसी को मजबूर कर देता है।

### शिक्षा के क्षेत्र मे...?

बात शिक्षा की करे तो बरसो से बिगड़ी व्यवस्था सुधारने में इस सरकार ने भी अभी तक कोई ऐसा कदम नही उठाया जिससे कि आमजन को फायदा मिल सके, झालावाड़ के पिपलोद में 25 जुलाई 2025 को छत गिरी ओर 7 मासूम की जान चली गई, हुआ क्या कुछ दिन होहल्ला उसके बाद कुछ नही, प्रदेश के आधे से ज्यादा सरकारी स्कूलों की हालत आज भी जर्जर है क्या कुछ हुआ वहाँ पर कुछ नही, ओर बात निजी स्कूलों की करे तो नेता तो हमेशा इन पर मेहरबान रहे और आगे भी रहेंगे, अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता बस यही उक्ति यहाँ उचित लगती।

### पंचायती राज में खुलकर भ्रष्टाचार

जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा सरकार में पंचायतीराज में खुलकर भ्रष्टाचार हुआ और हो रहा है, कई सचिव सरपंच पकड़ाए लेकिन सुधार कुछ भी नही हुआ ना कोई कड़ा कदम, कई ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीनों, पट्टो, निर्माण कार्यो में खुलकर लूट लेकिन सब चुप।

### स्वच्छता में तो पीएम के अभियान को रखा ताक में

स्वच्छता की बात करे तो देश मे राजस्थान लिस्ट में नीचे से जरूर पहले दूसरे नम्बर पर आ सकता है, देश के प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को तो राजस्थान में जैसे ताख में रख रखा हो, हर जगह गंन्दगी के अंबार, स्वच्छता रथ खुद बीमार पड़े, पंचायते सफाई कर्मियों को पैसे नही दे रही, कही नगर परिषद तो कही पंचायतों के बाहर कचरा डाल प्रदर्शन लेकिन स्वच्छता में राजस्थान शुरू से पिछड़ा रहा और अभी भी यही हाल।

### बजरी तो किंग माफियाओं के हाथों में, खुली लूट आगे तक पहुँच रहा पैसा

बजरी में प्रदेश की जनता बेमौत मारी जा रही है, क्योकि आका ने इसकी कमान प्रदेश में अधिकांश जगहों पर विधायको को दे रखी है, कोई बिल्टी रॉयल्टी नही बस विधायको की पर्ची ओर सब काम हो जाता, 4 गुना से भी अधिक पैसे देने को आमजन मजबूर लेकिन रहना पड़ेगा भाई मजबूर ही क्योकि सारा पैसा विधायको की जेब मे थोड़े ना रहता यह तो जयपुर तक पहुंचता है, हर महीने राजकुमार आता है वसूली करने बस विधायको से मिला वसूली की ओर रवाना, ये हालात है प्रदेश में डबल इंजन सरकार के।

### विकास में किसी भी विधानसभा में बड़ी उपलब्धि नही

भजनलाल सरकार वैसे तो सफलतम 2 वर्ष के बड़े बड़े दावे कर रही लेकिन प्रदेश की ऐसी कोई विधानसभा नही जहाँ कोई विशेष उपलब्धि हांसिल की है, बस रूटीन के काम हो जाए वही बड़ी बात हो रही यहाँ तो।

गहलोत सरकारी की योजनाएं अटकी

प्रदेश में भजनलाल सरकार आने के बाद एक काम जरूर किया कि गहलोत सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाए जिन्हें बीच भंवर में अटका दिया, अधिकांश जगह इनके नेताओ की लड़ाई में जनता का नुकसान सरकार कर रही, अगर योजनाए पूरी करते तो ना गहलोत सरकार का नाम होता ना ही उनको कोई फायदा होता, लाभ तो प्रदेश की जनता को मिलता लेकिन फिर भी कार्य और योजनाए अटकी।

### युवा नोकरी के लिए, किसान खाद के लिए भटक रहे

प्रदेश में आज भी योग्य युवा नोकरी के लिए भटक रहे और नोकरी नही मिलने पर जो युवा लाइन से भटक गए वो गलत काम मे अपना जीवन बर्बाद कर रहे, इससे लूट, चोरी, अपहरण, मर्डर जैसी घटनाएं बढ़ी है। वही अन्नदाता के ऐसे अच्छे दिन ला दिए कि वह खाद के लिए भटक रहा, सहकारिता मंत्री के जिले में ही भूमिपुत्रों के हाल बेहाल है तो पूरे प्रदेश की तो क्या ही बात करे, लेकिन इनकी सुनने वाला कौन।

### क्राइम बढ़ा, कानून के हाथ नेताओ ने दबोच रखे

प्रदेश में कहने को तो लोकतंत्र है, लेकिन नेताओ की तानाशाही आज भी खत्म नही हुई, जहाँ कानून काम करना चाहता वहाँ यही भ्रष्ट नेता उनपर दबाव बनाकर उनका हाथ खींच लेते है, अगर पुलिस सही काम करके किसी को पकड़ लाती है तो फिर छुड़वाने नेताजी थाने तक पहुंच जाते ये हाल है और बात हम जीरो टॉलरेंस की करते है।

### सड़को पर निकलो तो लगता ही मंगल ग्रह पर आ गए

अगर किसी प्रदेश में विकास की बात आती है तो सबसे पहले वहाँ की सड़कें देखी जाती है, अगर प्रदेश की सड़कें देखी जाए तो कोई भी जिला हो या स्मार्ट सिटी सभी जगह सड़को के हालात इतने खराब की इनपर गुजरो तो पेट का पानी नही पूरा आदमी ही हिल जाता है, गांवों की तो क्या बात करे यहाँ के रास्ते तो जैसे मंगल ग्रह के दर्शन करवाते है, हमे चालान तो ऑनलाइन बनाने है लेकिन सड़को के हालात नही सुधारने क्योकि चालान से तो लक्ष्मी की आवक है, सड़के बनाकर ओर सही करके क्यो राजस्व का नुकसान करें।

सुनवाई किसकी हो रही?

प्रदेश में सिर्फ जनता ही दुखी नही है भजनलाल जी, आपके कार्यकर्ता जनता से ज्यादा दुःखी है, हमने कुछ क्षेत्रों से भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओ से बात की तो उनका कहना है कि हमारी तो कोई सुनने वाला नही जबकि बरसो से हम पार्टी की जाजम उठाते आये है, ना हमारी जनप्रतिनिधी, विधायक सुनते ना विधायको की मंत्री सुन रहे ना मंत्रियों की आगे सुनवाई हो रही तो सब राम भरोसे चल रहा है। फिर सफलतम 2 वर्ष नही हो सकते सीएम साहब उसे संघर्षतम 2 वर्ष करना ज्यादा उचित होगा।

**पत्रकार ओम जैन**
**शंभूपुरा।**

# विधवा सशक्तिकरण की दिशा में कदम, राजपूत समाज ने खातों में ट्रांसफर की पेंशन

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती पहल, विधवा महिलाओं को पेंशन व रोजगार सहायता**

**समाज सेवा का उदाहरण: राजपूत समाज कोटा ने दी विधवा महिलाओं को पेंशन सहायता**

स्मार्ट हलचल| कोटा



संगठन में शक्ति राजपूत समाज, कोटा द्वारा समाज की जरूरतमंद विधवा महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पेंशन की दूसरी किस्त जारी की गई। इस अवसर पर समाज की 14 जरूरतमंद विधवा महिलाओं के बैंक खातों में 800-800 रुपये की पेंशन राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की गई।

समाज के प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने बताया कि संगठन द्वारा लगातार समाजसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समाज के सहयोग से एक जरूरतमंद विधवा महिला को सिटी मॉल के सामने चाय की दुकान प्रारंभ कराने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वहीं मौके पर आयोजित बैठक के दौरान 14 विधवा महिलाओं के खातों में पेंशन राशि ऑनलाइन स्थानांतरित की गई।

उन्होंने बताया कि पेंशन की इस राशि में से प्रति महिला 300 रुपये का सहयोग डॉक्टर प्रदीप सिंह पंवार द्वारा दिया गया, जबकि शेष राशि राजपूत समाज के सदस्यों के सामूहिक योगदान से जुटाई गई।

इस बैठक में रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश, डॉक्टर प्रदीप सिंह पंवार, राजेश सिंह परिहार, टीकम सिंह नरूका, अमित सिंह, कमलराज सिंह हाड़ा, मांडवी तंवर, डॉक्टर युवराज सिंह नरूका, कुलदीप सिंह नरूका, एडवोकेट प्रमोद सिंह हाड़ा, नरेंद्र सिंह सोलंकी, भवानी सिंह शेखावत, रितिक सिंह परिहार, राजेश सिंह हाड़ा, हेमेन्द्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हाडा ने बताया कि अक्टूबर माह से अब तक 22 सिलाई मशीनें जरूरतमंद महिलाओं को प्रदान की जा चुकी हैं तथा पिछले दो माह से नियमित रूप से पेंशन वितरण किया जा रहा है। आगे भी समाज द्वारा निरंतर सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

**वर्धमान ग्रुप ने दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया**

# सौहार्द और एकता का संदेश देता वर्धमान ग्रुप का दीपावली मिलन




स्मार्ट हलचल| कोटा

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'वर्धमान ', कोटा द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन श्रीराम दिव्य वाटिका, कोटा में किया गया। कार्यक्रम में दंपत्ति सदस्यों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया।

समारोह का शुभारंभ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय प्रभारी जे.के. जैन, कोटा रीजन अध्यक्ष अनिल ठोरा, सचिव पीयूष जैन, संस्थापक अध्यक्ष सुरेश हरसौरा, अध्यक्ष महावीर बरमुंडा, सचिव लोकेश दुगेरिया, कोषाध्यक्ष संजय सेठिया एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मंगलाचरण चारवी द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष महावीर जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों एवं बड़ों द्वारा प्रस्तुत नृत्य में संध्या, अनामिका, आयुषी, उर्वर्षी, प्रीति, सुरेखा एवं नीरज ने सहभागिता निभाई। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में एंट्री गेम के विजेता मुकेश, राजेश एवं महेश रहे। कैंडल ब्लो में नितिन, शैलेष एवं महावीर, कैंडल रेस में मनोज, अनिल एवं नीरज तथा बनाना गेम में राहुल, लोकेश एवं पीयूष विजेता रहे। बच्चों के खेलों में गर्वित, रजस एवं सक्षम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष महावीर बरमुंडा ने दीपावली के संदेश में समाज में सौहार्द, भाईचारा एवं एकता बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही वर्ष 2026 के लिए सीमा अरविन्द बागड़िया को अध्यक्ष, श्वेता नवीन सेठिया को सचिव एवं प्रियंका महावीर धनोप्या को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अरविन्द-सीमा बागड़िया, नवीन-श्वेता सेठिया, हिमांशु-उर्वर्षी दुगेरिया एवं अर्चना डूंगरवाल रहे। समारोह में राजेन्द्र ताथेड़िया, राजेन्द्र बागड़िया, निर्मल दुगेरिया, पारस हरसौरा, पवन सुरलाया, महेश बरमुंडा, आर.के. जैन, ज्ञानेन्द्र दुगेरिया, शैलेष हरसौरा, दिनेश बोरखंडिया, अरविन्द बरमुंडा, अभिषेक हरसौरा, लाभचन्द पटवारी, शिखर सेठिया, कैलाश सुरलाया, ओमप्रकाश कोटिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सचिव लोकेश दुगेरिया ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वोट चोरी के खिलाफ हल्ला बोल महारैली आयोजित



स्मार्ट हलचल|बूंदी

दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोरी के खिलाफ हल्ला बोल महारैली में राजस्थान से भी कई लोग शामिल हुए। रेली में बूंदी से भी काफी लोग अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जावेद जेड के नेतृत्व में पहुंचे। 'वोट चोरी' लोकतंत्र के खिलाफ एक अपराध है, देश की आवाम के साथ धोखाधड़ी है। अब भारतवर्ष के हर घर से एक ही आवाज निकलेगी 'वोट चोर - गद्दी छोड़' और ये आज दिल्ली के रामलीला मैदान से तय हो गया लोकतंत्र की आवाज़ को दबने नहीं देंगे। वोट की चोरी अब नहीं चलेगी।

# जिले के 3 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित, 05 को नोटिस जारी

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिले के उर्वरक निरीक्षकों ने आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के आधार पर तीन उर्वरक विक्रेताओं के प्राधिकार-पत्र (लाइसेंस) तत्काल निलंबित कर दिए हैं, जबकि 5 अन्य विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

संयुक्त निदेशक (कृषि) कौशल कुमार सोमाणी ने बताया कि विभाग ने सभी आदान विक्रेताओं को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि वे उर्वरक वितरण में पूरी पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उर्वरक प्राप्ति की सूचना तुरंत स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारी को दी जाए और उनका वितरण कृषि विभाग के अधिकारी की निगरानी में ही किसानों को किया जाए। यह कदम वितरण में कालाबाजारी और अनियमितताओं को रोकने के लिए उठाया गया हैं।

उन्होंने बताया कि सभी आदान विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान के बाहर विभागीय सिफारिशों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिशों, और डीएपी के अन्य विकल्पों से संबंधित जानकारी वाले फ्लेक्स बैनर प्रदर्शित करने तथा प्रतिष्ठान के स्टाफ सदस्यों की सूची और सभी उर्वरकों की अद्यतन मूल्य सूची को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश एफसीओ-1985 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जैक प्रीमियर लीग-3 का खिताब जैक के नाम

**जेपीएल-3: जैक का दबदबा, बिना विकेट गंवाए हासिल किया खिताबी मुकाबला**

स्मार्ट हलचल| कोटा




जेसीआई एलुमनी क्लब जोन-05 के तत्वावधान में आयोजित जैक प्रीमियर लीग (जेपीएल-3) का खिताब जैक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में जैक ने भामाशाह ब्लास्टर्स को 10 विकेट से पराजित कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। भामाशाह ब्लास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाए, जिसके जवाब में जैक ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया।

अध्यक्ष पीयूष खण्डेलवाल एवं सचिव प्रियंक माहेश्वरी ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस पीडीएम अंजली बत्रा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि (गेस्ट ऑफ ऑनर) एनवीसी जयकुमार, विशेष अतिथि विधायक संदीप शर्मा तथा कोटा क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मनोज शर्मा पूर्व अध्यक्ष मनीष चाण्डक,राजकुमार जैन,मीता अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

टूर्नामेंट के व्यक्तिगत पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ का खिताब जैक के अंबरीश गुप्ता को 5 मैचों में 110 रन बनाने पर मिला। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ नितिन खुबचंदानी (9 मैचों में 10 विकेट) तथा सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार भी अंबरीश गुप्ता (5 मैचों में 7 कैच) को दिया गया। टूर्नामेंट का एमवीपी अवॉर्ड काकू को प्रदान किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष पीयूष खण्डेलवाल, सचिव प्रियंक माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष शरद गुप्ता, कोऑर्डिनेटर मनीष भदादा, शुभम खंडेलवाल, उमेश गोयल, शुभम चौधरी, विकास शर्मा एवं रितेश शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी सहयोगी रहे।

# अग्रवाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 15 जनवरी को



स्मार्ट हलचल

**बारां।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा फाउंडेशन के कार्यकारिणी की मीटिंग रविवार को कोटा में डायरेक्टर प्रमोद खटकीड़ा के नेतृत्व में की गई जिसमें मुख्य अतिथि संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल एवं ललित ऐरण विशिष्ट अतिथि में राष्ट्रीय महामंत्री महेंद्र गर्ग एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष गायत्री मित्तल रही कार्यक्रम अध्यक्षता संभाग्य अध्यक्ष वर्षा गोयल और अंजली गुप्ता ने की महिला प्रदेश अध्यक्ष संतोष गर्ग ने बताया की कोटा में अग्रवाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 15 जनवरी को कोटा में आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारी को लेकर मीटिंग की गई उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पांच महिला टीमों का गठन किया गया जिसमें मंच संचालन राखी बंसल नीरू गुप्ता रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी पूजा मित्तल रेखा जैन मधु अग्रवाल मेघा गोयल मीनाक्षी अग्रवाल अनीता अग्रवाल भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी अनीता गर्ग उषा अग्रवाल रानीअग्रवाल अग्रवाल जयंती अग्रवाल धर्मवती मित्तल ज्योति मित्तल को सौंपी गई।

एवं उपहार वितरण पवन अग्रवाल अमित बंसल ललित ऐरण महेंद्र गर्ग विकास अग्रवाल राजकुमार मित्तल लोकेश गोयल को सौंपी गई।

फाउंडर मेंबर रिता मित्तल और रेखा अग्रवाल ने बताया कि सामूहिक विवाह में जो भी वर वधू भाग लेंगे उन्हें पुरस्कार स्वरूप 51 आइटम दिए जाएंगे जिसमें परिवार को सुचारू रूप से चलाने के सभी प्रकार के समान होंगे

पंजीयन के अंतिम तिथि 25 दिसंबर कर दी गई है।

# पेंशन अदालत बनी पेंशनरों की उम्मीद: वाराणसी रेल मंडल में 61 मामलों का त्वरित समाधान 11.38 लाख का भुगतान

स्मार्ट हलचल

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों की वर्षों से चली आ रही समस्याओं को एक ही छत के नीचे सुलझाने के उद्देश्य से 15 दिसम्बर 2025 को भारतेन्दु सभागार में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने की तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ। पेंशन अदालत में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान, मंडल वित्त प्रबंधक एन.एन. पाण्डेय सहित लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे, वहीं कर्मचारी यूनियनों और पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी और उनके आश्रित भी उपस्थित रहे।

अपर मंडल रेल प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली पेंशन अदालत पेंशनरों के प्रति रेलवे की संवेदनशीलता का प्रतीक है, जहां समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार कुल 68 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 61 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष सात मामले उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, मृत्यु एवं जन्म प्रमाण पत्र, एमएसीपी विकल्प और बैंक खाते से जुड़ी त्रुटियों के कारण लंबित रखे गए हैं, जिन्हें आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होते ही सुलझा लिया जाएगा।

पेंशन, एरियर और अन्य मदों में कुल 11 लाख 38 हजार 742 रुपये का भुगतान किया गया, जिससे पेंशनरों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी।

अशोक कुमार वर्मा ने पेंशनरों और निकट भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने आवेदन और पेंशन बुकलेट भरते समय सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें, ताकि भुगतान और निस्तारण में किसी प्रकार की बाधा न आए, साथ ही अधिकारियों से भी मामलों को समयबद्ध ढंग से अग्रसारित करने का आग्रह किया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने कहा कि पेंशन अदालत का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका व्यावहारिक समाधान देना है, और इस वर्ष अधिकांश मामले नोशनल पेंशन रिवीजन, भुगतान तथा बैंकों के साथ समन्वय से जुड़े पाए गए, जिनका पात्रता के आधार पर समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के दूरदर्शी नेतृत्व में वाराणसी मंडल अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान, कल्याण और समयबद्ध समस्या समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, इसी क्रम में हाल ही में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट को लेकर जागरूकता सेमिनार भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 4.0 की जानकारी देते हुए कहा कि अब पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र के लिए बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि वे घर बैठे डिजिटल माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। पेंशन अदालत में मंडल के विभिन्न स्टेशनों और यूनिटों से आए पेंशनरों ने सक्रिय भागीदारी की और रेलवे प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने किया, जबकि इस आयोजन की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को दी।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की वर्षगांठ पर नवीन कार्यकारिणी गठित



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** भवानीमंडी क्षेत्र के सरोद स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें द्वि वार्षिक कार्य समीक्षा बैठक व नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर अर्पित पाटनी, महासचिव पद पर मयंक जैन, कोषाध्यक्ष पद पर दीपेंद्र जैन, उपाध्यक्ष पद पर पंकज जैन को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सोशल ग्रुप के सभी साथियों द्वारा नवीन पदाधिकारियो को शुभकामनाएं दी गई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई भगवान पार्श्वनाथ की जन्म जयंती



स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट उनियारा उपखंड के सुरेली कस्बें में स्थित अतिशयकारी पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पौष माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला में जैन श्रद्धालुओं द्वारा मंगलाष्टक का वाचन करके श्रीजी को पाण्डुकशिला पर विराजमान कर जैन विधि विधान से उनका जलाभिषेक एवं विशेष शांतिधारा की। मंदिर परिसर में भगवान के जयकारों के साथ भक्तों ने श्रीजी के सम्मुख बैठकर बधाई गीत गाया। कार्यक्रम के दौरान श्रीजी पर जलाभिषेक करने का सौभाग्य हरीश जैन पाण्डया,हेमचन्द सौगाणी, सुनील पाटनी एवं निर्मल पाण्डया को मिला। मंदिर व्यवस्थापक हेमचन्द सौगाणी ने बताया कि इस मूर्ति के दर्शन मात्र से ही अत्यन्त शांति का एहसास होता है। उन्होंने भगवान पार्श्वनाथ की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनकी माता वामा देवी ने गर्भकाल के दौरान स्वप्न में सर्प देखा था और जन्म के पश्चात इनके शरीर पर सर्प चिन्ह होने की वजह से इनका नाम पार्श्व रखा गया। पार्श्वनाथ तीसवर्ष की आयु में ही गृह त्याग कर संन्यासी हो गए और जैनेश्वरी दीक्षा ली। बनेठा समाज के हरीश जैन ने बताया कि वहीं चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर बनेठा में 108 रिद्धि सिद्धि मंत्रों से भगवान का कलशाभिषेक किया गया। इस मौके पर जैन समाज के कई श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# कबड्डी फाइनल में पुरुष वर्ग में शाहपुर ने ऊंछपुर को ओर महिला वर्ग में शाहपुर ने मोढुका को हराया

स्मार्ट हलचल| बानसूर



सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन बानसूर के सेठ चन्द्रलाल धन्नालाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। फाइनल मैच बानसूर में कबड्डी खेल में पुरुष वर्ग में शाहपुर ने ऊंछपुर को ओर महिला वर्ग में शाहपुर ने मोठुका को हराया। वहीं वालीबाल खेल में पुरुष वर्ग में खींवाहेड़ी ने ह्यद्वश्चह्य बानसूर को ओर महिला वर्ग में खीबाहेड़ी ने फतेहपुर टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

इस दौरान 100 मीटर दौड प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम रमेशचंद शर्मा हमीरपुर, द्वितीय हजारीलाल टोडियाकाबास , तृतीय स्थान पर हितेश यादव बानसूर रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रथम तीन स्थान पर विवेकानंद स्कूल की नचिता गुर्जर, पूजा स्वामी एवं पायल रही।

## 200 मीटर प्रतियोगिता

200 मीटर प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम तीन स्थान पर क्रमशः दीपक आर्य हाजीपुर, राहुल गुर्जर ,श्रीराम डिफेंस बानसूर और अविनाश यादव बानसूर रहे। महिला वर्ग में प्रथम तीन स्थान पर मनिता यादव बानसूर कॉलेज,दिव्या शाहपुर और अनुष्का ईशराकाबास रही। इस दौरान तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़,भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिंघल, प्रवक्ता एडवोकेट नवीन यादव, खेल संयोजक सुभाष चंद यादव, रामवतार ,खेल संयोजक सुभाष सिंह तंवर,सत्यवीर यादव, जले सिंह सहित टीम प्रभारी, खेल प्रशिक्षक सहित ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान खेल संयोजक ने बताया कि कल नारायणपुर ब्लॉक और बानसूर ब्लाक के मध्य विधानसभा स्तरीय फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

# पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग का सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल| बूंदी

सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री है नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी का इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल होने से राठौर समाज में आक्रोश राठौर समाज के लोगों ने

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र मीना को ज्ञापन सौंप कर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि इन्स्ट्राग्राम पर एक पोस्ट विडियो वायरल हो रहा है जिसे उक्त व्यक्ति अपने आप को सुनिल मीणा बताते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अपशब्द (गाली) देते हुए अपना वीडियो सोशल मिडिया पर अपलोढ कर दिया है जिससे राठौर समाज व सर्व समाज में गहरा रोष है और आरोपी पर अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उचित कानूनी करने की मांग की है।

इस दौरान सूरज राठौर चंद्र प्रकाश गिरिराज राठौर राजकुमार राठौर लोकेश राठौर मनमोहन अजमेरा मोहन राठौर मोजूद रहे।

# 'किसानों के नाम पर बनी सहकारी समितियों पर ताले, निजी दुकानों पर महंगा यूरिया—सावर उपखंड में सरकारी लापरवाही से पनपी कालाबाजारी'

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** सावर उपखंड क्षेत्र में किसानों की खेती इस समय गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। रबी फसलों के लिए अत्यंत आवश्यक यूरिया खाद पिछले कई महीनों से नदारद है, लेकिन उससे भी ज्यादा चिंताजनक है जिम्मेदार तंत्र की चुप्पी। किसानों की उम्मीदों का केंद्र रही ग्राम सेवा सहकारी समितियां और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र आज खुद तालेबंद पड़े हैं।



### सोमवार को फिर दिखी व्यवस्था की नाकामी

सोमवार को सावर उपखंड की कई ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गेटों पर ताले लटके मिले। गिरवरपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति पर यूरिया लेने पहुंचे किसानों को निराश लौटना पड़ा। वार्ड पंच मनोज मीणा ने बताया कि समिति पर न तो कोई सूचना चस्पा थी और न ही कोई व्यवस्थापक मौजूद था, जो किसानों को स्थिति से अवगत करा सके।

### लाइसेंस की फाइलों में उलझा यूरिया

असल समस्या यह है कि क्षेत्र की अधिकांश ग्राम सेवा सहकारी समितियों और पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के पास यूरिया खाद विक्रय का वैध लाइसेंस नहीं है। इसी कारण उन्हें यूरिया की आपूर्ति नहीं दी जा रही। सावर सहायक कृषि अधिकारी नसीर बेग के अनुसार नैनो यूरिया और सामान्य यूरिया दोनों रासायनिक उर्वरक हैं, जिनके विक्रय के लिए कृषि विभाग से पृथक लाइसेंस और दिशा-निर्देशों की स्वीकृति जरूरी है।

### कार्रवाई शून्य, नाराजगी शिखर पर

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब महीनों से यह समस्या बनी हुई है, तो अब तक न तो लाइसेंस प्रक्रिया को गति दी गई और न ही किसी वैकल्पिक व्यवस्था की घोषणा हुई। ताले लगी सहकारी समितियों के संचालकों के खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे किसानों में भारी रोष है और विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### निजी विक्रेताओं की मनमानी, किसान मजबूर

सरकारी केंद्रों से यूरिया गायब होते ही निजी खाद विक्रेताओं की चांदी हो गई है। किसान आरोप लगा रहे हैं कि निजी दुकानों पर यूरिया तय मूल्य से अधिक दामों पर बेची जा रही है। मजबूरी में किसान ऊंचे दाम चुकाकर खाद खरीद रहे हैं, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है।

### फसलों पर संकट, भविष्य पर सवाल

यदि समय रहते यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई, तो इसका सीधा असर रबी फसलों की पैदावार पर पड़ेगा। उत्पादन घटने की स्थिति में किसान आर्थिक संकट में फंसेंगे और इसका असर बाजार तक पहुंचेगा।

### किसानों की दो टूक मांग

किसानों ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों को तत्काल लाइसेंस जारी किए जाएं, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तुरंत यूरिया की आपूर्ति शुरू की जाए, निजी विक्रेताओं की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई हो। अब सवाल यह नहीं है कि समस्या क्या है, सवाल यह है कि क्या सावर का किसान सिर्फ फाइलों और ताले के बीच पिसता रहेगा, या सिस्टम उसकी आवाज सुनेगा?

# कागजों में न्याय, ज़मीन पर शून्य

### गोरधा शराब दुकान मामले ने खोल दी शिकायत निस्तारण सिस्टम की पोल

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र के गोरधा स्थित शराब दुकान पर निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूले जाने के मामले में शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में राजस्थान संपर्क पोर्टल पर परिवाद संख्या 122502725028215 दिनांक 6 दिसंबर 2025 को दर्ज किया गया था। दुकान का लाइसेंस प्रिया सुवालका समूह संख्या 283 के नाम से है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त शिकायत के निस्तारण से वह पूरी तरह असंतुष्ट है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 181 पर शिकायत दर्ज होने के बावजूद न तो आज तक राजस्थान संपर्क पोर्टल की ओर से कोई कॉल या संदेश प्राप्त हुआ और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों ने कोई संपर्क किया, इसके बावजूद परिवाद का निस्तारण दर्शा दिया गया।

निस्तारण प्रक्रिया पर संदेह जताते हुए परिवादी ने 15 दिसंबर 2025 को पुनः 181 पर शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता का स्पष्ट आरोप है कि बिना मौके की जांच, बिना संवाद और बिना सत्यापन के शिकायत को निस्तारित करना नियमों की खुली अवहेलना है।

इस पूरे प्रकरण ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली और राजस्थान संपर्क पोर्टल की शिकायत निस्तारण व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अब देखना यह है कि दोबारा दर्ज शिकायत पर विभाग क्या कार्रवाई करता है और क्या वास्तव में परिवादी को न्याय मिल पाता है या फिर यह मामला भी कागजी निस्तारण की भेंट चढ़ जाता है।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 शुरु

### कबड्डी, वालीबाल, दौड़ 100 मीटर व 200 मीटर का होगा आयोजन

स्मार्ट हलचल



**विराटनगर (जयपुर)।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को होने जा रहा है। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन अमरसर में चौकी का बड़, खेल मैदान में सुबह 10 बजे तथा श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा के खेल मैदान में सुबह 11 बजे से कबड्डी, वालीबाल, दौड़ 100 मीटर व 200 मीटर का आयोजन होगा।

# श्मशान घाट के समीप बना अधूरा कचरा केन्द्र और कीचड़ से भरी गलियां, स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र के गोरधा स्थित श्मशान घाट परिसर के समीप निर्मित कचरा संग्रहण केन्द्र पिछले काफी समय से अधूरा पड़ा है। प्रशासनिक लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते यह कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि कचरा संग्रहण केन्द्र अधूरा होने के कारण कचरा डालने की कोई निश्चित व्यवस्था नहीं बन पाई है, नतीजतन पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है।




स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान नींव भराई सहित कई कार्यों में घटिया सामग्री का खुलेआम उपयोग किया गया। अब तक हुए अल्प कार्य में भी प्रशासन की प्रभावी निगरानी का घोर अभाव नजर आया। यही वजह है कि यह कचरा संग्रहण केन्द्र अब भ्रष्टाचार का प्रतीक बनता जा रहा है।

उधर, क्षेत्र की नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से हालात और बदतर हो गए हैं। किडवा झोपड़ा और शोक्या खेड़ा इलाकों में कीचड़ जमा रहने से गलियों और मोहल्लों में गंदगी का आलम है। जलभराव के कारण यहां संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ सकता है।

# चाकसू तहसील खाण्डल विप्र सभा के गिरिराज शर्मा अध्यक्ष मनोनीत

स्मार्ट हलचल



**चाकसू।** चाकसू खांडल विप्र समाज चाकसू शाखा के चुनाव में उपस्थित प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से गिरिराज प्रसाद शर्मा को अध्यक्ष पद पर मनोनित किया है। इसी प्रकार सामुहिक सहमति से एडवोकेट रामगोपाल क्षोत्रिय को महासचिव एवं चंद्र प्रकाश रिणवा को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। दायित्व मिलने पर सभी पदाधिकारियों ने समाज के हित में सभी कार्य पूर्ण तत्परता से करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर रामावतार खांडल, राधामोहन जोशी, रामस्वरूप क्षोत्रिय, सीताराम शर्मा, रामसहाय श्रीराम पुरा, सेवानिवृत्त व्याख्याता सुरेन्द्र कुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अजमेर/ब्यावर द्वारा चलाया अभियान




स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अजमेर/ब्यावर द्वारा लपको से सावधानी को लेकर एवं मानस नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 नंबर के जरिए ड्रग्स संबंधी जानकारी एनसीबी को देने के बारे में औषधि नियंत्रक अधिकारी मोनिका जागृत द्वारा ब्यावर शहर के मेडिकल स्टोरो पर जागरूकता अभियान चलाकर बैनर चस्पा किए।

### क्या है लपको इसकी जानकारी इस अनुसार

प्रिय ग्राहक किसी भी डॉक्टर या मेडिकल स्टोर पर ले जाने हेतु कोई भी व्यक्ति द्वारा आपको जानबूझकर प्रलोभन देकर बुलाये जाने पर ना जाये स्वेच्छा से जहाँ से भी आपको दवाईयों लेनी हो वो वहाँ सीधे ही जाये अन्यथा लपका करने वाले पर तथा उनसे मिले हुयें मेडिकल स्टोर पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### क्या आपके पास ड्रग्स संबंधी कोई महत्वपूर्ण सूचना है

क्या आपके पास ड्रग्स संबंधी कोई महत्वपूर्ण सूचना है तुरंत 1933 पर कॉल कर मानस नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन के जरिए ड्रग्स संबंधी जानकारी एनसीबी को दें।आपकी पहचान और दी गई सूचना पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

# कोचिंग छात्रों की आत्महत्याओं पर गूंजे सवाल छात्र बोले हम अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसे

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को आयोजित युवा संसद में कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं, पढ़ाई का दबाव, मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की कमियां प्रमुख मुद्दे रहे। प्रदेश के 41 जिलों से आए 164 छात्र-छात्राओं ने बेबाकी से अपनी बात रखी और सरकार को सुझाव भी दिए। छात्रा फाल्गुनी यादव ने कहा कि आज के किशोर महाभारत के अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसे हैं।

### 'स्टूडेंट सुसाइड के आंकड़े सभ्य समाज पर कालिख'

छात्र गौरव यादव ने कहा कि छात्र आत्महत्याएं केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हर संख्या के पीछे उजड़ा हुआ परिवार है। एनसीआरबी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान में 2020 में जहां 5 हजार से ज्यादा छात्र आत्महत्याएं हुईं, वहीं यह संख्या अब 13 हजार पार कर चुकी है। माता-पिता की बढ़ती अपेक्षाएं और पढ़ाई का दबाव युवाओं को तोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मौतों के यह मामले सभ्य समाज पर कालिख है।

### 'कोचिंग सेंटर आत्महत्या फैक्ट्री बनते जा रहे'

छात्र तपिश वैष्णव ने कहा कि राजस्थान के कोचिंग संस्थान शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि आत्महत्या फैक्ट्री कहलाने लगे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मौलिक अधिकार की बजाय विशेषाधिकार बना दिया गया है। लाखों छात्र हर साल इस दबाव में झुलस रहे हैं।

### 'स्कूलों में करियर काउंसलर क्यों नहीं?'

छात्रा खुशी राजपुरोहित ने कहा कि आज युवाओं को पहाड़े से ज्यादा मोबाइल पासवर्ड याद हैं। उन्होंने स्कूलों में करियर काउंसलर, नो मोबाइल जोन और सिलेबस में तनाव प्रबंधन शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 90% से ज्यादा स्कूलों में प्रशिक्षित करियर काउंसलर नहीं हैं।

### 'योजनाएं आसमान में, युवा जमीन पर भटक रहा'

छात्रा प्रतीक्षा भंडारी ने कहा कि सरकार योजनाएं तो बनाती है, लेकिन वे युवाओं तक पहुंचती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि योजनाएं आसमान में हैं और युवा जमीन पर भटक रहे हैं। जब साबुन का विज्ञापन रोज दिख सकता है, तो करियर और शिक्षा से जुड़ी जानकारी क्यों नहीं? करियर और शिक्षा युवाओं की सबसे बड़ी जरूरत है।

### 'स्कूलों के टाइम टेबल में खेल का पीरियड ही नहीं'

नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहीं उदयपुर की छात्रा हिमानी ने कहा कि कोचिंग हब होना गर्व की बात है, लेकिन बच्चों की जान सुरक्षित रहनी चाहिए। स्कूलों में खेलकूद के पीरियड नहीं हैं, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने स्कूलों में साइकोलॉजिस्ट और करियर काउंसलर नियुक्त करने की मांग की।

### देवनानी बोले मजबूत होना जरूरी

स्पीकर वासुदेव देवनानी ने युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत बनने के लिए मजबूत मन होना जरूरी है।युवा संसद में छात्रों ने स्पष्ट संदेश दिया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान और कोचिंग सिस्टम पर नियंत्रण अब समय की मांग है।

# बार कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा ब्यावर जिला बार एसोसिएशन में विजय हुए सभी बार कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया गया।

ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित स्वागत समारोह कोर्ट परिसर में रखा गया ।जिसमें विजई हुए अध्यक्ष पद पर राकेश प्रजापति, उपाध्यक्ष जसवंत सिंह रावत, सहसचिव हेमंत चंदेल, सदस्य आशीष शर्मा बिट्टू, निशा धवन, मुकेश लखन,एवं सभी विजय हुए अधिवक्ताओं का साफा वह माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष राकेश प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विजय कार्यकारिणी समाज के उत्थान न्याय दिलाने का कार्य करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता रामस्वरूप सेवालिया ने सेवादल के सभी पदाधिकारीयों का धन्यवाद प्रेषित किया और बताया कि संगठन में शक्ति है और शक्ति के द्वारा ही जनहित के कार्य को प्रगति प्रदान होती है । स्वागत समारोह में प्रदेश सचिव सेवादल सोहन मेवाड़ा, सेवादल जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधिका शर्मा, प्रदेश नेत्री जानवी भरवानी, उपाध्यक्ष मुकेश जोशी, शहर अध्यक्ष अरविंद माथुर, यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार, जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा, संभव जैन, महासचिव अरविंद भटनागर, नरेंद्र भटनागर,करण जोशी, अजय जोशी, छगन मेवाड़ा, राजू जोशी, एडवोकेट घनश्याम फुलवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल कुमावत, ईश्वर सोलंकी, विजय पारीक, ज्योति कंवर आदि उपस्थिति थे। मंच का संचालन सेवादल विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन कुमार सोलंकी ने किया।

# मरमी माता में 104 यूनिट रक्तदान, 10 दुर्लभ रक्तदाताओं ने भी किया रक्तदान

**राशमी।** क्षेत्र के मारमी माता प्रांगण में मातेश्वरी विकास समिति मरमी, रक्तदाता युवा टीम एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन संस्थान भीलवाड़ा के तत्वाधान में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले शिविर में रक्तदाता युवा टीम मरमी के कार्यकर्ताओं के सहयोग से मरमी सहित पहुंना, राशमी, सोमी, सांखली, उपरेडा, ऊंचा, मुरोली, साकरिया, रेवाड़ा, सिंहाना, नेवरिया सहित आसपास के गांवों के रक्तदाताओं ने शिविर में पहुंच कर रक्तदान किया। शिविर में रक्तदाताओं ने 104 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्त संग्रहण का कार्य भीलवाड़ा जिले में स्थित कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर की टीम द्वारा किया गया। शिविर के अंत में रक्तदाताओं को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# आनासागर झील में युवती गिरने से मचा हड़कंप

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर में आनासागर झील पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक युवती झील में गिर गई। घटना के वक्त झील के पास नगर निगम की जलकुंभी हटाने वाली टीम मौजूद थी, जिसने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### नगर निगम टीम की तत्परता से टला बड़ा हादसा

झील में युवती के गिरते ही नगर निगम कर्मचारियों ने रस्सी और प्लास्टिक के ड्रम की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। कुछ ही देर में युवती को झील से बाहर निकाल लिया गया। समय पर की गई इस कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया और मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।



### युवक पर धक्का देने का आरोप, माफी मांगता दिखा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती के साथ मौजूद युवक पर उसे झील में धक्का देने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद युवक लगातार माफी मांगता रहा और वहां मौजूद लोगों से वीडियो न बनाने की अपील करता नजर आया। युवक का कहना था कि युवती गलती से झील में गिरी, जबकि कुछ लोगों ने दोनों के बीच पहले कहासुनी होने का दावा किया।

### युवती की हालत स्थिर, भीड़ हुई जमा

झील से बाहर निकालने के बाद युवती की हालत स्थिर बताई गई है और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

हैरानी की बात यह रही कि घटना के बाद युवक और युवती आपस में बातचीत करते हुए साथ ही वहां से चले गए। पुलिस को सूचना दिए जाने को लेकर मौके पर असमंजस की स्थिति बनी रही। फिलहाल, इस मामले में किसी भी तरह की लिखित शिकायत दर्ज होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# तलुण्डी मोहल्ले की मुख्य सड़क पर खुला नाला बना हादसों का कारण



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे के तलुण्डी मोहल्ले में मुख्य सड़क पर बना नाला पिछले करीब एक वर्ष से क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाले का लेंटर टूटने से लोहे के तार बाहर निकल आए हैं और सड़क के बीच खुला हिस्सा लगातार दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। ग्रामीण दिनेश जाट ने बताया कि इस खुले नाले के कारण दोपहिया वाहन चालक कई बार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। विशेषकर रात के समय अंधेरे में यह स्थान और भी अधिक खतरनाक हो जाता है। यह सीसी सड़क कई मोहल्लों को आपस में जोड़ती है और इसी मार्ग से दिनभर हजारों लोगों का आवागमन होता है, बावजूद इसके समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त नाले की शिकायत कई बार नगरपालिका कार्मिकों से की गई, लेकिन आज तक क्षतिग्रस्त नाले का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़े हादसे से पहले नाले की मरम्मत कराकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# सिंगावल निवासी शूटर जिज्ञासा राठौड़ ने 68वीं 10 मीटर राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए दूसरी बार किया क्वालीफाई

स्मार्ट हलचल

**सिंगावल।** क्षेत्र की होनहार निशानेबाज़ जिज्ञासा राठौड़ ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप, नई दिल्ली के लिए 10 मीटर शूटिंग में दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है।

कड़े मुकाबले और देशभर के शीर्ष निशानेबाज़ों के बीच जिज्ञासा ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित किया। उनका यह चयन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है।

जिज्ञासा के पिता डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड़, जो वर्तमान में रोड परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान जयपुर में डिप्टी कमिश्नर (रोड सेफ्टी) के पद पर कार्यरत हैं, तथा




माता ऋतु चौहान, जो आरडीटीसी सिंगावल में डायरेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं, ने बेटी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उसे निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में देश भर से हजारों निशानेबाज़ों ने हिस्सा लिया है, और प्रतियोगिता में रिकॉर्ड तोड़ शूटरों ने क्वालीफाई किया है, जिससे यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक बनी हुई है।जिज्ञासा के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल उनके परिवार और प्रदेश में खुशियाँ हैं, बल्कि राजस्थान के युवा शूटरों में भी उत्साह का माहौल है। उनकी यह सफलता राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छी प्रदर्शन की उम्मीदों को और भी मजबूत बनाती है।

जिज्ञासा की इस उपलब्धि से सिंगवाल सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने जिज्ञासा को शुभकामनाएँ देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की कामना की है।

# मनस्वी अग्रवाल ने अंटार्कटिका के सबसे उंचे पर्वत शिखर को किया फतह

स्मार्ट हलचल । उदयपुर

मनस्वी अग्रवाल ने अंटार्कटिका महाद्वीप के सबसे उंचे पर्वत शिखर विंसन मैसिफ पर 12 दिसम्बर को भारतीय ध्वज फहराया। इस पर्वत की उंचाई समुद्र तल से लगभग 5000 मीटर है। अंटार्कटिका महाद्वीप के इस पर्वत पर पहुंचने वाली पहली राजस्थानी व्यक्ति है। यह पर्वत शिखर पृथ्वी के अन्तिम छोर पर स्थित होने के कारण सम्पूर्ण रूप से बर्फ से ढका हुआ है। हजारों किलोमीटर तक कोई मानव आबादी नहीं है एवं तापमान माइनस 60 डिग्री तक रहता है। अभी तक भारतवर्ष से 10 से भी कम व्यक्ति इस पर्वत शिखर पर पहुंच पाए हैं।

मनस्वी अग्रवाल ने इससे पूर्व पर्वतरोहण में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त है। मनस्वी ने माउंटनीरिंग इंस्टीट्यूट दिरांग, अरूणाचल प्रदेश एवं हिमालयन माउंटनीरिंग दार्जिलिंग, वेस्ट बंगाल से मूलभूत एवं एडवांस प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। प्रशिक्षण में लगभग एक माह तक साढे छः हजार मीटर उंची बर्फ की चोटियों पर रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करना होता है। उक्त



दोनों प्रशिक्षण संस्थान भारतीय सेना द्वारा संचालित किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द रॉक क्लाईबिंग संस्थान से भी गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर इस विषय की प्रमाणित प्रशिक्षक हैं। मनस्वी अग्रवाल ने इससे पूर्व इसी वर्ष यूरोपीय महाद्वाप के सबसे उंचे शिखर एलब्रस एवं अफ्रीकी महाद्वीप के सबसे उंचे शिखर किलीमंजारों को भी सफलता पूर्वक फतह किया है। मनस्वी आगामी वर्ष में विश्व के सभी सातों महाद्वीपों के शिखर पर जाने का लक्ष्य तय किया है। मनस्वी अग्रवाल ने पूर्व 10 मीटर राईफल शूटिंग में प्रख्यात नेशनल शूटर का स्थान हासिल किया है एवं भारतीय टीम के चयन के चार राउण्ड तक भी गई हैं। शिक्षा एवं खेल दोनों में एक साथ अनुकरणीय ताल-मेल बैठाती है। मनस्वी ने गुजरात नेशनल लॉ यूनिर्वर्सिटी गांधीनगर गुजरात से पांच वर्षीय कानून का अध्ययन करने के उपरान्त स्नातकोत्तर अपाधि भी प्राप्त की है। एवं पर्यावरणीय कानून पर शोध कर रही है तथा हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य हेतु योग्यता परीक्षा को 99.2 पर्सेन्टाइल के साथ उत्तीर्ण किया है। वर्तमान में स्थानीय प्रतिष्ठित सिंघानिया लॉ कॉलेज में सहायक आचार्य के रूप में अध्यापन करा रही है।

# गौ पूजन एवं सेवा कर मनाया सीएम शर्मा का जन्मदिवस



स्मार्ट हलचल | भादसोड़ा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस पर भादसोड़ा स्थित श्री कृष्ण आदिनाथ गौशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी के सानिध्य में गौ पूजन एवं लापसी का केक काट कर गौ सेवाएं की गई। इस दौरान पर मंडल अध्यक्ष राकेश लड्ढा, जिलामंत्री कैलाश जाट पीपलवास, हरिराम गाडरी, रमेश चंडालिया, अशोक अग्रवाल, गोविंद सोनी, बाबूलाल माली, राधे सुथार (राधेश्याम जांगीड़), विमल अग्रवाल, औंकार लौहार, पीयूष सोनी, मिट्ठू सिंह, शम्भू जाट, लोकेश टेलर, पप्पू जाट, नीलेश सोनी, भूरालाल माली, सौरभ जैन आदि उपस्थित थे।

# नारायणपुर में 16 से 24 दिसंबर तक शहरी समस्या समाधान फ़ॉलोअप शिविर

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा 16 दिसंबर से 24 दिसंबर तक नगरपालिका परिसर में शहरी समस्या समाधान फ़ॉलोअप शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाए जाएंगे। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि शिविरों का आयोजन वार्डवार किया जाएगा। 16 दिसंबर को वार्ड संख्या 1 से 5 तक, 17 दिसंबर को वार्ड 6 से 10 तक, 18 दिसंबर को वार्ड 11 से 15 तक, 19 दिसंबर को वार्ड 16 से 20 तक, 20 दिसंबर को वार्ड 21 से 25 तक, 22 दिसंबर को वार्ड 26 से 30 तक तथा 23 दिसंबर को वार्ड 31 से 35 तक के आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा। वहीं 24 दिसंबर को वार्ड संख्या 1 से 35 तक के सभी आवेदनों के लिए संयुक्त फ़ॉलोअप शिविर आयोजित होगा। शिविर के दौरान पट्टे, नामान्तरण, भू-रूपांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, पीएम स्वनिधि, सीएम स्वनिधि, सफाई, निर्माण सहित अन्य नगरपालिकाई कार्यों से जुड़े प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निवारण किया जाएगा। नगरपालिका प्रशासन ने कस्बेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और इस जनकल्याणकारी पहल का पूरा लाभ उठाएं।

# भारतीय संस्कृति एवं हिंदू परंपराओं का संरक्षण व संवर्धन पर किया मंथन

**- महिलाओं को मलमास पर धार्मिक महत्व, नियम एवं परंपराओं की जानकारी प्रदान की**

**- अनुकृति ग्रुप की महिलाओं ने रेट्रो थीम पर दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

अनुकृति ग्रुप की ओर से क्लब की महिलाओं के लिए रेट्रो थीम पर एक भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पुरानी प्रसिद्ध कलाकारों की वेशभूषा धारण कर रेट्रो दौर की यादों को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर रेट्रो थीम पर आधारित एक विशेष हाउज़ी गेम का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अनुकृति ग्रुप की अध्यक्षा अनीता माहेश्वरी ने बताया कि अनुकृति ग्रुप का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं हिंदू परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में राजस्थानी लोकगीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही गणेशजी की आरती एवं भक्ति गीत सामूहिक रूप से गाए गए, जिससे वातावरण



भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मलमास (खरमास) क्या होता है, उसका धार्मिक महत्व, नियम एवं परंपराओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मनोरंजन, संस्कृति एवं धार्मिक ज्ञान का एक सुंदर संगम रहा, जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता महेश्वरी एवं मंदाकिनी धावाई ने की। कार्यक्रम में अनुकृति ग्रुप की कार्यकारिणी सदस्याएं शैली चोबीसा, वर्षा सोनी, मंजु पुरबिया एवं तरुणा धावाई का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर पूजा धाभाई, सुशीला देवपुरा, पूजा टेलर, चंद्रकला कुमावत, गीता सिंगल, गीता राव, ललिता राठौड़, विमला पंवार, प्रतिभा कुमावत, मधु कुमावत, तरुणा सोनी, शारदा सोनी, कल्पना पुरबिया, यशोदा सोनी, सुनीता सुहालका, सपना टोंक, वीणा शकदीप, सुमन कुमावत, कोमल चौधरी, योगिता धाभाई, वैशाली धाभाई, पूजा धाभाई एवं रेणु वर्मा सहित अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# दिल्ली महारैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया



**बेगूं।** रावतभाटा-बेगूं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पारस जैन के नेतृत्व में 70 से अधिक कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में भाग लिया।

बेगूं-रावतभाटा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि यह रैली ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर केवल एक राजनीति कार्यक्रम नहीं बल्की लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण संघर्ष हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के वोटों के साथ खिलवाड़ किया गया है, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस वोट चोरी के खिलाफ सड़क पर उतरकर सवाल करेगा, जब तक आम जनता का जनादेश सुरक्षित नहीं होगा तब तक लड़ेगा। पार्षद नरेन्द्र कुमार पुरोहित ने बताया कि महारैली में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा स्पष्ट किया कि जनता के जनादेश की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती जब तक संघर्ष जारी रहेगा। दिल्ली में आयोजित इस महारैली में बेगूँ विधानसभा से पार्षद व पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित, राजीव गांधी पंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष व किसान नेता प्रकाश धाकड़, सरपंच राधेश्याम धाकड़, भागचंद धाकड़, खाना लाल भील, मांगीलाल भील, संदीप सिंह मन्याखेड़ी, जसवंत धाकड़, गिरिराज धाकड़, रवि शंकर वैष्णव सहित कई कार्यकर्ता व स्थानीय पदाधिकारी शामिल हुए।

# उदयपुर की नैनीशा दमामी का जूनियर नेशनल वॉलीबॉल राजस्थान टीम में चयन

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



पिलानी में 16 दिसंबर से आयोजित 49वीं जूनियर नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उदयपुर की नेनीशा दमामी का चयन हुआ है। जिला वालीबॉल संघ के सचिव हेमराज सोनवाल ने बताया कि दमामी फतहनगर एकेडमी मै रहकर अपनी तैयारी कर रही है। विगत वर्षो मै दमामी ने स्कूल नेशनल ओर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मै अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान वॉलीबॉल संघ के सहसचिव जीवाणा के प्रभुलाल जाट, जितेंद्र जैन, अजय जैन, अंतर्राष्ट्रीय सुरेश खोईवाल, महेंद्र पालीवाल, गौरीशंकर, प्रकाश जगरवाल, हेमेंद्र डीरा, ट्विंकल,संघ के सभी पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने नैनीशा को बधाई दी। जिला वॉलीबॉल संघ के सहसचिव मनोज सरसिया ने दमामी के राजस्थान टीम मै चयन होने पर उदयपुर के लिए गर्व की बात बताया और उम्मीद है कि राजस्थान टीम पदक प्राप्त करेगी।

# प्रदेश में अवैध मदिरा पर कार्यवाही : ट्रक में गुप्त चेम्बर से 498 पेटी अन्य राज्य की शराब बरामद

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए चलाये जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए। पाली जिले में एक बडी कार्रवाई में ट्रक की जांच में 498 पेटी शराब फोर सेल इन पंजाब बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया।

आबकारी आयुक्त श्री नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक



अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। पाली के सोजत में रविवार को आबकारी निरोधक की कार्रवाई में एक ट्रक की जांच करने पर उसमें पेपर रोल के नीचे बनाये हुए गुप्त चेम्बर में 498 पेटियां विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब फोर सेल इन पंजाब जब्त की गई। शराब की अनुमानित कीमत 45 लाख रूपए है, मौके से 2 अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किया गया। दौसा में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 300 लीटर वॉश नष्ट किया गया। धौलपुर में नेशनल हाईवे 123 पर वाहनों की सघन जांच की गई। अलवर में शीतल टोल पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है।

# कुर्कशुदा मकान के ताले तोड़ कब्जा करने पर दंपति गिरफ्तार

**राशमी।** थाना क्षेत्र के गुजरिया खेड़ा में फाइनेंस कंपनी द्वारा कुर्क मकान के ताले तोड़कर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुभाष चंद्र जाखड़ ने बताया की गुजरिया खेड़ा निवासी उदय लाल पुत्र मांगीलाल गुर्जर ने साल 2023 में अल्टम क्रेडो होम फायनेंस कंपनी चित्तौड़गढ़ से दो किस्तों में 13 लाख रुपए का ऋण लिया था। उसने ऋण की कुछ किश्तें जमा कराने के बाद किश्तें जमा कराना बंद कर दिया। सूचना देने पर भी ऋणी ने किश्ते जमा नहीं कराई, जिस पर फाइनेंस कम्पनी ने 13 सितंबर 2025 को मकान अपने अधीन लेकर कमरों व मुख्य दरवाजे के ताले लगा दिया। उसी दिन शाम को आरोपी उदय लाल पुत्र मांगीलाल गुर्जर व उसकी पत्नी सुगना ने कंपनी के तालों को तोड़ कर मकान पर कब्जा कर लिया।

# पेंशनर्स पेंशनर दिवस पर 17 दिसम्बर को देंगे ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा के सभागार में 17 दिसम्बर प्रातः 11 बजे पेंशनर दिवस मनाया जायेगा। इसके साथ ही सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा के अनुसार पेंशनर दिवस पर पूर्व में दी जा रही पेंशनर्स सुविधाओं, देय वेतनमानों व सुधार कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की जायेगी, साथ ही प्रदेशाध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर से प्राप्त निर्देशानुसार पेंशनर समाज के लौह पुरूष डीएस नकारा को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस हेतु प्रत्येक उपशाखा मे इनकी तस्वीर लगाकर पेंशनर के हितार्थ इनके द्वारा किए गए कार्यो को स्मरण किया जाएगा।

# सुख सेवा संस्थान के शिविर में 51 यूनिट रक्तदान, युवाओं ने लिया हिस्सा

**चित्तौड़गढ़।** सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र द्वारा सोमवार को राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान किया गया।

संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान ने बताया कि रक्तदान शिविर प्रातः 10 से दोपहर 4 बजे तक सुख सेवा संस्थान फतेह विहार कॉलोनी रोडवेज बस स्टैंड के पीछे आयोजित किया गया। काउंसलर प्रभात शर्मा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी दीपाली पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पाठक ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को रक्त वीर सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। शिविर में श्री सांवलिया चिकित्सालय के ब्लड बैंक के पदाधिकारियों डॉ. गौरव, लीला शंकर, मिट्ठू लाल धाकड़ ने सहयोग प्रदान किया।

# विनम्र श्रद्धांजलि...डॉ. रामविलास दास वेदांती: जीवन, आदर्श और प्रेरक विरासत



(लेखक: शाश्वत तिवारी एक स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार और समसामयिक विषयों के विश्लेषक हैं। वे सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विषयों पर गंभीर, तथ्यपरक और वैचारिक लेखन के लिए जाने जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना और जनआंदोलनों पर उनकी विशेष पकड़ मानी जाती है। उनके लेख अनेक प्रतिष्ठित समाचार माध्यमों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रकाशित होते रहे हैं।)

स्मार्ट हलचल

भूमिका अयोध्या की माटी ने जिन व्यक्तित्वों को गढ़ा, उनमें पूर्व सांसद डॉ0 रामविलास दास वेदांती का नाम श्रद्धा, संघर्ष और संकल्प का पर्याय रहा है। राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधारों में अग्रणी रहे डॉ0 वेदांती का निधन न केवल अयोध्या बल्कि समूचे देश के सांस्कृतिक-राजनीतिक विमर्श के लिए अपूरणीय क्षति है। मध्य प्रदेश के रीवा में उपचार के दौरान उनका देहावसान हुआ और इसी समाचार के साथ अयोध्या की गलियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। यह संपादकीय उनके जीवन, आदर्शों और उस प्रेरक विरासत का स्मरण है, जो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देती रहेगी।

आरंभिक जीवन और संस्कार डॉ. रामविलास दास वेदांती का जीवन आरंभ से ही साधना और सेवा के संस्कारों से ओत-प्रोत रहा। सन्यास परंपरा से जुड़े रहते हुए भी उन्होंने समाज की धड़कनों को समझा और जन-जीवन के प्रश्नों को अपने चिंतन का केंद्र बनाया। शिक्षा, अनुशासन और आध्यात्मिक अनुशीलन, इन तीनों ने उनके व्यक्तित्व को संतुलन दिया। वेदांत दर्शन से प्रेरित होकर उन्होंने जीवन को 'लोक-कल्याण' की साधना माना।

अयोध्या और राम मंदिर आंदोलन अयोध्या केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और अस्मिता का संगम है। राम मंदिर आंदोलन के कठिन कालखंड में डॉ. वेदांती ने संगठन, संवाद और दृढ़ता, तीनों का समन्वय किया। वे आंदोलन के ऐसे सूत्रधार रहे, जिन्होंने भावनाओं को अनुशासन में ढालने और संघर्ष को उद्देश्यपूर्ण रखने पर जोर दिया। उनका विश्वास था कि आस्था का मार्ग अहिंसा, मर्यादा और संवैधानिक दायरे में ही आगे बढ़ना चाहिए।

राजनीतिक यात्रा और संसदीय भूमिका पूर्व सांसद के रूप में डॉ0. वेदांती ने संसद को केवल सत्ता का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का मंच माना। उनके भाषणों में तथ्य, इतिहास और सांस्कृतिक दृष्टि का संगम दिखाई देता था। वे जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट, निर्भीक और संतुलित स्वर में बोलते थे। राजनीति उनके लिए साध्य नहीं, साधन थी, साध्य था राष्ट्र और समाज का उत्थान।

आदर्श और विचारधारा उनकी विचारधारा का केंद्र 'राष्ट्रधर्म' था, जिसमें सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और संवैधानिक मर्यादा का संतुलन निहित था। वे मानते थे कि संस्कृति को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए, ताकि राजनीति संस्कृति की रक्षा करे, उसका दोहन नहीं। उनके लिए सन्यास का अर्थ पलायन नहीं, बल्कि कर्मयोग था।

समाज के प्रति दायित्व डॉ0 वेदांती ने सामाजिक प्रश्नों, शिक्षा, संस्कार, सांस्कृतिक संरक्षण, पर निरंतर संवाद किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे इतिहास को जानें, पर भविष्य की ओर दृष्टि रखें। उनके लिए आस्था विभाजन का कारण नहीं, एकता का सूत्र थी।

विवादों से ऊपर व्यक्तित्व लोकजीवन में सक्रिय रहते हुए भी वे व्यक्तिगत आक्षेपों से दूर रहे। मतभेदों को वे संवाद से सुलझाने के पक्षधर थे। उनके आलोचक भी उनके संकल्प और निरंतरता का सम्मान करते थे।

अंतिम समय और शोक रीवा प्रवास के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हुआ। पार्थिव शरीर को अयोध्या लाने की तैयारी के साथ ही नगर शोकाकुल हो उठा। यह केवल एक व्यक्ति का अवसान नहीं, बल्कि एक युग के सक्रिय अध्याय का विराम है।

विरासत और प्रेरणा डॉ. वेदांती की विरासत किसी पद या उपलब्धि से बड़ी है। वह है विचारों की निरंतरता। उन्होंने सिखाया कि आस्था के साथ विवेक, संघर्ष के साथ मर्यादा और राजनीति के साथ नैतिकता अनिवार्य है।

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि और शक्तिशाली निष्कर्ष

पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का जीवन केवल एक व्यक्ति की जीवनी नहीं, बल्कि उस युग की कहानी है जहाँ आस्था, संघर्ष और वैचारिक दृढ़ता एक-दूसरे से गुँथी हुई थीं। वे उन विरले संन्यासी-राजनेताओं में थे, जिनके लिए सत्ता नहीं, सिद्धांत सर्वोपरि थे। राम मंदिर आंदोलन के लंबे, जटिल और कई बार पीड़ादायक दौर में उन्होंने न तो धैर्य खोया और न ही अपने आदर्शों से समझौता किया।

उनका व्यक्तित्व हमें यह सिखाता है कि धर्म यदि मर्यादा में रहे, राजनीति यदि नैतिकता से जुड़ी रहे और नेतृत्व यदि त्याग से प्रेरित हो, तो समाज दिशाहीन नहीं होता। डॉ. वेदांती ने आस्था को उग्रता नहीं बनने दिया और संघर्ष को अराजकता में नहीं बदलने दिया। यही कारण है कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाले समय में और अधिक प्रासंगिक होंगे।

अयोध्या की पावन भूमि आज जिस ऐतिहासिक दौर की साक्षी है, उसमें डॉ0 रामविलास दास वेदांती जैसे व्यक्तित्वों का योगदान नींव की तरह है, जो दिखाई भले न दे, पर पूरी इमारत उसी पर टिकी होती है। उनका जाना एक देह का जाना है, विचारों का नहीं। उनके सिद्धांत, उनका संकल्प और उनका वैचारिक साहस समय के प्रवाह में जीवित रहेगा।

अयोध्या की माटी उन्हें नमन करती है। राष्ट्र उनका स्मरण करता है। और इतिहास उन्हें एक ऐसे साधक के रूप में दर्ज करेगा, जिसने राजनीति को साधना और साधना को सेवा बना दिया। यही उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

# डॉ . पंवार को मिलिनेयर फार्मर ऑफ इंडिया इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मान प्राप्त




स्मार्ट हलचल| बाड़मेर

जिले के बाटाडू तहसील के झाक गांव के प्रगतिशील किसान डॉ. देवाराम पंवार को नई दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) में आयोजित विशाल अंतरराष्ट्रीय कृषि महोत्सव में 'मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया इंटरनेशनल अवार्ड 2025' का सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्हें यह सम्मान कृषि, पशुपालन व औषधीय खेती में उत्कृष्ट योगदान, आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग और खेती में नवाचार के लिए दिया गया था।

आईसीएआर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश और विदेश के विभिन्न राज्यों से हजारों किसान, कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ उपस्थित थे। डॉ. पंवार को भी वर्ष 2023 में इसी मंच पर सम्मानित किया गया था। लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करना उनकी कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता और पशुपालन और खेती में उत्कृष्ट योगदान का परिणाम है। कृषि विशेषज्ञों ने डॉ. देवाराम पंवार को युवा किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया और उनकी प्रौद्योगिकी आधारित खेती और आईजी थार विलेज की कार्यशैली की प्रशंसा की।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com